MR. CHAIRMAN: Now we have to move on to the Short Duration Discussion and I call upon Shri Chaturanan Mishra to speak.

**STATEMENT AND DISCUSSION ON THE SITUATION ARISING OUT OF THE DEMOLITION OF RAM JANMA BHOOMI-BABRI MASJID STRUCTURE—CONTD.**

**श्री चतुरानन मिश्र** : (बिहार) : सभापतिजी, अभी विभिन्न माननीय सदस्यों से हमने सुना कि देश में बाबरी मस्जिद टूटने से क्या-क्या घटनायें घटी हैं और कैसे सारा देश सांप्रदायिक तनाव में आ गया है।

**[उपसभापति पीठासीन हुई]**

मेरा ऐसा ख्याल है कि बाबरी मस्जिद को तोड़ने के सिलसिले में जो कुछ किया गया और जिस ढंग से बाद में बी०जे०पी० के लोगों ने स्वीकार किया है कि उनके लोगों ने इसको तोड़ा है, भले ही हमारे विरोधी दल के नेता यहां उठकर खड़े हुए और उन्होंने कहा कि हमको इस बात से गम है, दुख है कि ऐसा हुआ, लेकिन जब सारा सदन इनको निन्दा करने के लिए कह रहा था, तो हमारे विरोधी दल के नेता और उनकी पार्टी तैयार नहीं हुई कि इस सिलसिले में बाबरी मस्जिद तोड़ने और इसके बाद जो घटनाऐं घटी हैं, इसकी निंदा की जाये, इसके लिए वे लोग तैयार नहीं।

मैं इस बात को ऐसा समझता हूं कि अब इस देश में जो फर्स्ट रिपब्लिक है, उसको भंग करके अब दुनिया दूसरी दिशा में देश ले जाने के लिए वे लोग आमादा है, कटिबद्ध है कि इस रिपब्लिक को समाप्त कर दिया जाय। हमारी इस रिपब्लिक के चार मुख्य खंभे हैं। पहला है, जो संविधान सेक्युलरिज्म पर आधारित है, अब वह नई परिभाषा देते हैं सेक्युलरिज्म की, जिसमें मां-बहिनों की बेइज्जती की जाए, जिसमें लोगों को जिंदा जलाया जाए, जिसमें मंदिर-मस्जिद को गिराया जाए। जो कुछ उन्होंने किया, उस दिन बाबरी मस्जिद में, उसके बाद सारे देश के अन्दर उनके हिसाब से भी करीब 6—7 सौ मंदिर और मस्जिद गिराये जा चुके हैं। इससे स्पष्ट होता है कि इन्होंने जो कुछ किया है, उससे सारा राष्ट्र धू-धू करके जलने लगा है।

मैं अखबारों में पढ़ता हूं कि कभी-कभी बाजपेयी जी हम लोगों के दिल को शांति देने के लिये कह देते हैं कि बहुत गम है, बहुत दुख है। लेकिन हम कहना चाहते हैं कि सारे राष्ट्र में किसने यह आग लगाई से अगर बाबरी मस्जिद की घटना नहीं घटी होती तो यह सारा फसाद कहीं नहीं होता और हमारा देश अमन से रह सकता था। यह बिल्कुल निश्चित है।... (व्यवधान) "आपको जब कबड्डी खेलने का मौका आएगा तब खेल लीजिएगा, अभी हमको शांत रहने दें"। जिन लोगों ने हमारे संविधान पर हमला किया उन्होंने ही संसद की अवमानना शुरू की। संसद ने तय किया था कि 15 अगस्त 1947 तक जहां जो पूजा-स्थल है वह सब वहीं रहेगा जो 15 अगस्त, 1947 में था। इन्होंने रथ यात्रा शुरू की मथुरा से और बनारस से और यह इनके अध्यक्ष और जिम्मेवार नेताओं ने इसे शुरू किया। सदन के अन्दर नारा लगाया कि अब यह तो सिर्फ झांकी है। अयोध्या तो सिर्फ झांकी है, मथुरा काशी बाकी हैं। इसका मतलब है कि सीधा-सीधा इस संसद को चुनौती देते हैं। जो सर्वोच्च न्यायालय है, उसका जो आदेश था उसका इन्होंने उल्लंघन किया। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में शपथ लिया था कि हम इसकी रक्षा करेंगे। उस शपथ को उन्होंने भंग किया। चौथा जो प्रजातंत्र का पिल्लर होता है, जो स्तंभ होता है वह प्रैस है। प्रैस पर इन्होंने बुरी तरह से हमला किया। प्रैस के लोगों को घायल किया। अब यह कहते हैं कि हमें अफसोस है कि ऐसा हुआ। सारी चीजों में अफसोस है लेकिन करवाने वाले तो आप ही लोग हैं, फिर यह अफसोस किसका है हमको बता दीजिए? इसीलिए हम समझते हैं कि इनका जो यह प्रयास है वह भारत के संविधान को समाप्त कर देने का यह जो हमारा रिपब्लिक है, संविधान है, उसको समाप्त कर देने की इनकी लड़ाई है और इस दिशा में संगठित ढंग से आगे बढ़ने के लिए यह जा रहे हैं। इन्होंने जो सारे देश में

किया वह मुझे याद आता है सन 1946 का जब जिन्ना साहब ने ऐसा ही डिलिवरेंस-डे करके समूचे देश में रायट करवाया था। हिन्दु जिन्ना साहब का काम इन लोगों ने किया है और सारे देश में आग लगाए हैं। मुझे आपसे पहली बात यही कहनी है। मैं इस सिलसिले में यह कहना चाहूंगा कि इनका दावा है कि यह हिन्दु है और हिन्दुत्व का नारा देते हैं यह असली बात नहीं है। मैं समझता हूं कि स्वामी विवेकानन्द से बड़ा कोई भी हिन्दुत्व को मानने वाला व्यक्तित्व इस देश में नहीं था। इन लोगों के बारे में उन्होंने कहा है कि जो लोग यह मंदिर गिराते हैं, मस्जिद गिराते हैं, आगजनी करते हैं, लूट-पाट करते हैं, उनके बारे में कहा हैं:

> "Sectarianism, bigotry, and its horrible descendant, fanaticism, have long possessed this beautififul earth. They have filled the earth with violence, drenched it often and often with blood, destroyed civilisations, and sent whole nations to despair."

यही काम इन्होंने किया है। चारों तरफ खून की धारा बहा करके भारतवर्ष में यही नंगा काम इन्होंने किया है। मैं इस बात करों इनको याद दिलाना चाहता हूं। मैंने सदन को 3 तारीख की बहस में भी कहा था कि यह जो हमारे विरोधी दल के नेता कह रहे थे वह सच्ची बात नहीं है, वह हिन्दुत्व की बात नहीं है, यह तो वोट की खातिर ऐसा करते हैं। उनको धर्म से कोई भी मतलब नहीं है। इन्होंने जो कुछ किया है उससे हिन्दुत्व को कलंकित किया है, न सिर्फ देश के अंदर में बल्कि सारे विश्व में कलंकित किया है। मैं आपको कहना चाहता हूं जो स्वामी विवेकानन्द ने हिन्दु धर्म के बारे में कहा, जो शिकागो में धर्म संसद हुई थी, उस में उन्होंने कहा था:

> "I am proud to belong to a religion which has taught the world both tolerance and universal acceptance. We believe not only in universal toleration, but we accept all religions as true. I am proud to belong to a nation which has sheltered the prosecuted and the refugees of all religions and all nations of the Earth. I am proud to tell you that we have gathered in our bosom the purest remnants of the Israelites who came to Southern India and took refuge with us in the very year in which their holy temple was shattered to pieces by Roman tyranny. I am proud to belong to the religion which has sheltered and is still fostering the remnants of the grand Zoroastrian nation."

मैं यह कहना चाहता हूं कि भारत दुनियां में कलंकित हुआ है। हिंदु धर्म कलंकित हुआ है। विश्व में जाकर कोई भारतीय ... (व्यवधान) ...

**श्रीमती कमला सिन्हा :** (बिहार) हिंदु धर्म कलंकित नहीं हुआ है। इन लोगों ने उसे कलंकित किया है।

**श्री चतुरानन मिश्र :** हिंदु धर्म कलंकित है। कोई रेप होता है और कोई रेप करता है, दोनों में फर्क होता है। इन्होंने कलंकित किया है। मैं बिल्कुल सही बात कह रहा हूं। हिंदु धर्म कलंकित हुआ है... (व्यवधान) ...

**श्रीमती सत्या बहिन :** (उत्तर प्रदेश) इन्होंने कलंकित किया है।

**श्री चतुरानन मिश्र :** इन्होंने कलंकित किया है। अब कोई विश्व में जाकर नहीं कह सकेगा कि हिंदु धर्म में टालरेंस है। वह दूसरे को शरण देता है। धर्म के नाम पर सताये लोगों को भारत शरण देता है। यह बात अब हम दुनियां में जाकर नहीं कह सकते। मैं यही कहने के लिए खड़ा हुआ हूं। इसलिए इन्होंने हिंदु धर्म को कलंकित किया है। फिर इन्होंने किस बात के लिए कलंकित किया है? वोट के लिए किया है। इनके लिए सर्वोपरि वोट हैं। गद्दी पर आने के लिए ये राम का नाम लेते हैं। राम तो गद्दी छोड़कर चले गए थे। गद्दी को लात मारकर जंगल में चले गए थे और इनकी लार टपक रही है दिल्ली आने के लिए। इसके लिए सारे देश में आग लगा रहे हैं और ऐसा काम कर रहे हैं ... (व्यवधान) ...

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** (उत्तर प्रदेश) : मुख में राम बगल में छुरी वाली बात है।

**श्री चतुरानन मिश्र :** उपसभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि अगर वोट की बात होती तो ब्रिटिश पार्लियामेंट ने क्यों प्रस्ताव पास किया इसकी निंदा करते हुए ? अगर सिर्फ वोट की बात होती तो अमेरिका ने क्यों निंदा का प्रस्ताव किया कि भारत में ऐसा हो रहा है ? अमेरिकंस को तो यहां वोट लेना नहीं है। अगर वोट की बात रहती तो पूरे कामन मार्केट के देशों ने क्यों इसकी निंदा की है? अगर वोट की बात होती तो जर्मन अखबारों ने एक-एक कर के क्यों इसकी निंदा की है ? उपसभापति महोदया, सारे विश्व ने, अरब वर्ल्ड की बात मैं नहीं करता जिसका नाम सुनकर इनको बुखार चढ़ जाएगा, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि सारी दुनिया जो आज हमारी निंदा कर रही है, सारी दुनियां के सामने जो आज हमको सिर झुकाना पड़ रहा है, इसका सारा श्रेय इस बी.जे.पी. को है और इनके नेताओं को है। मैं इसी बात से सावधान करने के लिए यहां खड़ा हुआ हूं।

उपसभापति महोदया, मैं एक दूसरी बात और आपके ध्यान में लाना चाहता हूं। इस घटना के बाद मैं गया था भोपाल मैं गया था बंबई हमारे कुछ मित्र लोग माननीय सदस्य यशवन्त सिन्हा साहब और असद मदनी साहब भी साथ थे। ये लोग कह रहे हैं कि जो सस्कारें भंग हुई हैं, यह अनुचित है। उपसभापति महोदया, मैं इस बारे में भी कुछ कहना चाहता हूं। हमारी पार्टी सदैव इस ख्याल की रही है कि आर्टिकल–356 का इस्तेमाल नहीं होना चाहिये, लेकिन फिर भी मैंने क्यों इस बात का समर्थन किया ? महोदया, सिंहा साहब भी हमारे साथ गये हुये थे। हमको लोगों ने भोपाल में बताया कि पुलिस के संरक्षण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और दूसरे लोग जाते थे और मस्जिदों पर हमला करते थे। मुसलमानों के साथ लड़ाई करते थे और पुलिस मुसलमानों पर गोली चलाती थी।

**श्री लक्खीराम अग्रवाल :** (मध्य प्रदेश) : यह गलत बात है। देखिये, जांच कमीशन बैठ गया है, तथ्य आ जाने दीजिये यह गलत बात है, पूरी तरह से। जांच कमीशन बैठ गया है, न्यायिक आयोग की रिपोर्ट आ जाने दीजिये, सारी बात स्पष्ट हो जायेगी।

**श्री चतुरानन मिश्र :** सुन लीजिये, सब बात स्पष्ट हो जायेगी। जो मर गये हैं, उनको स्पष्ट कौन करेगा यह आप हमको बता दीजिये ? मैं आपसे कहना चाहता हूं कि वहां यह घटना घटी है।

**श्री लक्खीराम अग्रवाल :** आप गलत बयानी कर रहे हैं।

**उपसभापति :** आप इधर देखकर बोलिये, उधर देखकर क्यों बोल रहे हैं?

**श्री चतुरानन मिश्र :** मैं यही कहना चाहता हूं कि जो लोग उनके डैमोक्रेटिक राइट्स के लिये उठते हैं, वह यह देखलें कि मैं खड़ा हुआ हूं अपनी बात कहने के लिये और ये मुझको रोकना चाहते हैं।

**श्री लक्खीराम अग्रवाल :** बोलने के मायने यह नहीं है कि आप गलत बयानी कहें। हम भी भोपाल में थे। कोई ऐसी बात नहीं है कि आप ही सबके लिये बोलते हैं। हम भी भोपाल में थे आप सदन को दिग्भ्रमित नहीं कर सकते। आप सदन को भ्रमित नहीं कर सकते।

**श्री चतुरानन मिश्र :**... (व्यवधान) .... सुनिये, जरा बैठिये, आप लोग क्यों मदद में आ रहे हैं, हम अपने ही काफी हैं।..

**उपसभापति :** एक मिनट, मिश्र जी। मैं मैंबर से कहूंगी कि जो बोल रहे हैं, यहां वह अपने समय में बोल रहे हैं। आप लोगों के अन्दर थोड़ी सी सहन-शक्ति रखिये। एक दूसरे की बात सुन लीजिये।

**श्री चतुरानन मिश्र** : : इतना ही नहीं और बाकी है । चूंकि यह प्रजातंत्र की बात करते हैं, डमोक्रटिक राइट की बात करते हैं, हमको सदन को तब तक ग़ुमराह करने का अधिकार है जब तक कि आपकी रूलिंग नहीं हो जाए । यह कोई नहीं होते हैं हमको कुछ रोकने वाले । ...(**व्यवधान**) ..इस सबको तब तक गुमराह करने का अधिकार है, जब तक आपकी रूलिंग नहीं आती । यह डैमोक्रेसी समझते नहीं और डमोक्रेसी डमोक्रेसी कहते हैं ।

**श्री लखीराम अग्रवाल** : डेमोक्रेसी तो आपने ही समझी है । आप ही ने समझा है इसे । आपकी रूस की डेमोक्रेसी क्यों चली गई ? ...(**व्यवधान**)...

**श्री चतुरानन मिश्र** : उपसभापति महोदया, मैं दूसरी बात अखबार वालों से कह रहा हूं और देश के वे लीगल राय देने वाले जो एक्सपर्ट हैं और जो लिख रहे हैं कि उन सरकारों को भंग नहीं करना चाहिये, मैं वहां गया भोपाल, पुतलीघर, काजीपुरा, आरिफनगर, कांग्रेस नगर, भेल में पिपलानी मस्जिद में, गोविन्दपुरा में, हमीदिया अस्पताल में, वहां लोगों ने हमें बताया कि सात दिन से वे घर से भागकर के कैंपों में रह रहे हैं और सरकार की तरफ से कोई राहत नहीं दी गई । जब मैं मुख्यमंत्री से वहां मिला तो उन्होंने कहा कि वह कल से इसका इंतजाम करेंगे । मैं जानना चाहता हूं कि अखबार वालों से, मैं जानना चाहता हूं उन मित्रों से, जो कह रहे हैं कि उस सरकार को रहना चाहिये, कि जो रिलीफ कैंपों में हैं और वह मुसलमान है इसलिये प्रशासन उन भूख से मरते हुये लोगों की, दूध के लिये चिल्लाते हुये बच्चों की रक्षा न करें तो ऐसी सरकार को क्या रहना चाहिये? यही मैं सुप्रीम कोर्ट में जाकर बोलूंगा कि हमको आप बताइये कि ऐसी सरकार का क्या होना चाहिये ।

उपसभापति महोदया, दुखद बात है कि हमारे गृहमंत्री अपने बयान में इस बात को नहीं बोले । वह आयेंगे शायद इस पर । अगर ऐसा उनका बयान रहता तो देश के लोग समझ सकते थे । आपने बता दिया कि सरकार भंग कर देते हैं, लेकिन कारण भी तो बताइये कि किसके चलते आप भंग करते हैं । भंग करते हैं इसलिये कि उनके रहते लोगों की हत्यायें पुलिस के संरक्षण में की जाती है और इसलिये सरकार भंग करना जरूरी हो गया है कि यदि वह रहते हैं तो रिलीफ नहीं आर्गनाइज होने देते हैं । केन्द्र सरकार को कोई हाथ पैर नहीं है, राज्य सरकार ही हाथ पैर है इन कामों को करने का । मैंने यह उचित समझा कि चूंकि मैं वहां गया था, तो मैं सदन को इससे अवगत करादूं कि उन लोगों ने ऐसा किया है ।... (**समय की घंटी**)....

एक दूसरी बात जो मैं कहना चाहता था, चूंकि आप घंटी दे रही हैं तो थोड़ी सी बात इधर सुना दूं । (**व्यवधान**) आप इधर बताने का कह रहे हैं । मैं आपको बता दूं कि देश की जनता सेक्यूलरिज्म का नाशनहीं होने देगी क्योंकि इस देश की जनता को सेकुलरिज्म पर गहरा विश्वास है और अन्त में इन्हीं की जीत होगी ।

महोदया, मैं इस बात की चर्चा करना चाहता था कि यह जो रिपब्लिक है, उसको सबसे बड़ा खतरा उपस्थित हो गया है और जो लोग कह रहे हैं कि यह संरक्षण दीजिए मीटिंग करने का या यह करने का, तो यह संरक्षण होना चाहिए नॉर्मल अवस्था में । हिटलर ने भी डेमोक्रेटिक राइट का इस्तेमाल करके एक बार चलाया और सदा के लिए समाप्त कर दिया था जनतन्त्र को । इसलिए मैं सदन के उन लोगों से कहूंगा कि इनके एक मूंह में दो जीभ हैं, एक जीभ रहता तब वह ठीक समझा जाता, लेकिन एक जीभ से कहेगा कि हम संरक्षण करेंगे बाबरी मस्जिद का और दूसरी जीभ से कहेगा कि हमने बाबर को मार दिया, खतम कर दिया । अरे, बाबर मरा पांच सौ वर्ष पहले, मर गया । अब ये कहते हैं बाबर को हरा दिया । तो यह तो समझने की कोशिश

होनी चाहिए। तो जो बोलते हैं यह सच नहीं बोल रहे हैं, यह हृदय की बात नहीं बोल रहे हैं। यह फ्रॉड कर रहे हैं और यह इस्तेमाल करना चाहते हैं संविधान के उन प्रावधानों का, जो इनको अधिकार दे ताकि देश में खून खराबा और हंगामा करें। सारा राष्ट्र अभी बंट गया है हिन्दू और मुसलमानों के बीच। हम इनसे पूछना चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश में जनता ने इनको जिता दिया था। एक पीलीभीत की घटना करके पूरे तराई को इन्होंने आतंकवादियों के हाथों में सुपुर्द कर दिया। आप सभी जानते हैं कि धर्म या मजहब जो है वह अत्यंत ही संवेदनशील विषय है और हिन्दू जितना संवेदनशील है, उससे भी ज्यादा इस्लाम को मानने वाले संवेदनशील हैं और वे कभी इसको बर्दाश्त नहीं करेंगे। वह मारे गए हैं। गृह मंत्री जी आप मत बोलिए कि कितने हिन्दू मरे हैं, कितने मुसलमान मरे हैं लेकिन हमने जाकर देखा है कि अल्पसंख्यक बहुत ज्यादा मारे गए हैं और आपकी ही पुलिस को भी बम्बई में मारा है। मजहब की खातिर लोग जान दे देंगे और इनके चलते सारा हिन्दुस्तान आतंकवाद में फंस जाएगा, यही खतरा है इस देश के ऊपर, यह मैं आपसे कहना चाहता हूं और आप रोक नहीं सकेंगे। आपका तराई में कुछ नहीं चल सका, यह सारा देश जानता है।

मैं आपके बयान के बारे में गृह मंत्री जी कहना चाहता हूं कि आप बातों को छिपाते क्यों हैं? आप हमसे मदद मांगते हैं, आपके कई नेता लोगों ने कहा है कि मदद दीजिए। आपकी रिपोर्ट, जो मैंने बयान पढ़ा है, तो लगता है कि एस.पी. के दफ्तर के किसी किरानी का लिखा हुआ बयान है। क्यों मैं ऐसा कह रहा हूं? इसलिए कह रहा हूं कि क्या यह सच नहीं है कि मस्जिद गिराने के एक दिन पहले वहां रिहर्सल हुआ था? सारे अखबारों ने दिया है, फोटो दिया है, आप क्यों अपने बयान में नहीं देते हैं? क्या यह सच नहीं है कि दो-दो, तीन-तीन दरगाहों को वहां पर उखाड़ा गया था, तोड़ा गया था? आप क्यों छिपाते हैं इस बात को? क्या एक मस्जिद की दीवार गिराई गई थी या नहीं? यह सच है या नहीं? क्या यह बात सच है या नहीं कि इसके बाद मुसलमान आबादी एक चौथाई से भी कम हो गई है अयोध्या में? सब कहते हैं कि मस्जिद बना दो, मैं भी चाहता हूं कि जिसकी कोई मस्जिद टूटी है या मंदिर टूटा है, मैं तो यह चाहता हूं कि हिन्दू लोग जाकर मस्जिद बना दें और मुसलमान लोग जाकर मंदिर बना दें। मैं नई कार-सेवा चाहता हूं। ये हिंदुइज्म के नाम पर हूलिगनइज्म करते हैं, मैं वह नहीं चाहता। और मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आप इस बात की गारंटी कीजिए कि वहां अगर मस्जिद बनाएंगे तो नमाज कौन पढ़ेगा? चव्हाण साहब, चतुरानन मिश्र या प्राइम मिनिस्टर जाएंगे वहां नमाज़ पढ़ने के लिए? ...(**व्यवधान**)...

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर:** (उत्तर प्रदेश): मिश्र जी, आप पढ़िए न, क्या दिक्कत है?

**श्री चतुरानन मिश्र:** पढ़ने में दिक्कत नहीं है, यहां से जाकर वहां रोज नमाज़ ही नहीं न पढ़ेंगे, दिक्कत यह है जब उनके साथ आप ऐसा करते हैं तो हमको ही क्या बख्श देंगे, आपको तो वोट चाहिए था—वोट, वोट, वोट। वोट ही मां, वोट ही बाप, वोट ही सब कुछ और कुछ आपको सूझा ही नहीं। तो मैं यह कहना चाहता था कि आप सारे देश में इन्हीं की रिपोर्ट के मुताबिक जो अभी छपी है, इनकी रिपोर्ट, आपकी रिपोर्ट क्या है मैं नहीं जानता। आपकी रिपोर्ट यह है कि कितने लोग मारे गए, कितना दौरा किया, कितने मंदिर टूटे, कितनी मस्जिद टूटीं, यह आपने अपने बयान में नहीं दिया। यह सारे देश में जो हुआ है, यह बयान में आपने नहीं दिया जो आज प्रश्नोत्तर के जरिए देते हैं, क्या आप राष्ट्र को अवगत नहीं करा सकते थे कि इनके एक फसाद के कारण सारे देश में अ

श्री चतुरानन मिश्र

लग गई है? इतने घर जले, इतनी बस्तियां जलीं, इतने लूटे गए, इतनी बेइज्जती हुई, यह आपकी रिपोर्ट में नहीं आना चाहिए था? अगर यह काम आपको नहीं करना है तो कोई दूसरा रोजगार कीजिए, कुछ न मिले तो चना-चूर बेचिए। यह क्यों छिपा रहे हैं, यह आप हमको बता दीजिए? आप लोग कहते हैं कि बी.जे.पी. वालों ने धोखा दिया, दिया होगा लेकिन प्रधान मंत्री ने हमको धोखा दिया। ...(**व्यवधान**)...

**श्री संघ प्रिय गौतम** (उत्तर प्रदेश): फिर भी आप साथ दे रहे हो, फिर भी आप सपोर्ट कर रहे हो। ....(**व्यवधान**)...

**श्री चतुरानन मिश्र:** उन्होंने सिर्फ धोखा दिया है, तुम गरदन भी ले लोगे, इसलिए सपोर्ट कर रहे हैं। अब बात समझ में आ गई। अब सुन लीजिए। उपसभापति महोदया, घटना क्या घटी है? आप जानते हैं वह पुरानी कहानी। एक पंच ने हुक्मनामा दिया कि तुमको सजा दी जाती है कि आप एक सौ प्याज खाओ। अगर एक सौ प्याज नहीं खाओगे तो पचास जूते लगेंगे। उसने सोचा कि प्याज ही खालें तो बच जाएंगे जूतों से। उसने प्याज खाना शुरू किया तो पचास प्याज खाते-खाते जब थक गया तो उसने कहा कि अब और नहीं खाई जाएंगी। इसके बाद पचास जूते भी पड़े। तो प्रधान मंत्री का हाल यही है। सरकार नहीं तोड़ेंगे, बी.जे.पी. से नहीं टकराएंगे इसीलिए उन्होंने प्याज खाना शुरू किया। अब प्याज भी खाई और सरकारें भी तोड़ी और गाली भी खा रहे हैं। बताइए, हम लोग क्या करें। ....(**व्यवधान**)

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Don't make these wild allegations.

SHRI CHATURANAN MISHRA: It is not at all an allegation.

SHRI V. NARAYANASAMY: There should be a limit. There was no collusion. There was no hand-in-glove...

SHRI CHATURANAN MISHRA: I did not say collusion.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Narayanasamy, your translation must not be correct.

SHRI CHATURANAN MISHRA: You did not understand what I said.

SHRI V. NARAYANASAMY: I am not getting you through translation.

SHRI CHATURANAN MISHRA: I don't say whether you had my right or wrong translation, but at least you have understood me wrongly. This is what I can say.

अब आप आ जाइए, मैंने कहा कि सरकारें भी आपने तोड़ी, फिर बचा क्या? बेन भी आपने कर ही दिया है और वहां से नारा लग ही रहा है कि—"गद्दी छोड़ो तानाशाही, प्रजातंत्र के हत्यारो।" परन्तु आपके मुंह से निकलता ही नहीं कि—"गांधी जी के हत्यारो, तुम भी शर्म करो-शर्म करो।" आपके मुंह से निकल ही नहीं रहा है। ....(**व्यवधान**)

**श्री एन० के० पी० साल्वे** (महाराष्ट्र): हमारी तरफ से आप ले लीजिए। ....(**व्यवधान**)

**श्री एस० बी० चव्हाण:** आप हाउस में नहीं थे उस वक्त। ...(**व्यवधान**)

**श्री चतुरानन मिश्र** : अगर नारा लगा दें लीडर आफ दी ऑपोजिशन, तो हम तुरन्त समर्थन कर दें। . . . (**व्यवधान**) नहीं-नहीं, लीडर आफ दी हाऊस। . . . (**व्यवधान**)

**श्री सिकन्दर बख्त** (मध्य प्रदेश) : इन्होंने परेशान होकर लीडर आफ दी ऑपोजिशन कहा है तो उस सिलसिले में एक शेर पेश-ए-खिदमत करदूं,

> "दहशत में हर एक नक्शा उलटा नजर आता है,
> मजनूं नजर आती है, लैला नजर आता है।"

**श्री चतुरानन मिश्र** : यह तो उसी को होता है जो कह देता है कि बाबरी मस्जिद तोड़ो और यहां आकर कहदे कि नहीं, हमको अफसोस है।

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर)** : इतना कुछ होने के बाद, आग लगने के बाद, सुबह से 3-4 घंटे ऑनोरेबिल मेंबर्स क्या-क्या नहीं बता रहे हैं, क्या-क्या अत्याचार नहीं कर रहे हैं, और उसके बाद भी शायरी करके, दांत फाड़कर हंसते हैं तो इस देश का तो हो ही गया सत्यानाश।

**श्री संघ प्रिय गौतम** : मैडम, गांधी जी को कोट कर रहे हैं। गांधी जी ने कहा था कि मेरे जीते जी पाकिस्तान नहीं बनेगा। पाकिस्तान बनेगा मेरी लाश पर। मगर आप जानती हैं पाकिस्तान गांधी जी के जीते जी बना। . . . (**व्यवधान**)

**श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** (उत्तर प्रदेश) : और इसी जुर्म में मारा है इन्होंने। . . . (**व्यवधान**)

†[**شری محمد افضل عرف م. افضل (اترپردیش)**: اور اسی جرم میں مارا ہے انھوں نے... مداخلت]

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

**श्री राम नरेश यादव** (उत्तर प्रदेश) : . . . (**व्यवधान**) तो इनको हत्या करने का क्या अधिकार था। गांधी जी जो राष्ट्र के लिए कर रहे थे उसी गांधी जी को . . . (**व्यवधान**) पूरा राष्ट्र साम्प्रदायिकता की होली में जला जा रहा है। . . . (**व्यवधान**)

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am not permitting. आप बैठ जाइए। प्लीज, देखिए, एक सैकेंड, मैंने आप लोगों से सबसे यह गुजारिश करी, इल्तदा करी, रिक्वेस्ट करी और आग्रह किया कि अगर आप समझते हैं कि मामला गंभीर है और हाऊस का समय उस पर दिया गया तो मैं समझती हूं कि एक-दूसरे की बात सुनने की थोड़ी सहनशक्ति होनी चाहिए। अगर देश में नहीं है तो हाऊस में तो हो जाए। . . . (**व्यवधान**) . . .

**श्री चतुरानन मिश्र** : उपसभापति महोदया, हमारे मित्र ने गांधी जी की चर्चा की। तो गांधी जी इनके बारे में क्या कहते हैं वही सुना देता हूं, तब तो इनको खुश हो जाना चाहिए। . . . (**व्यवधान**) गांधी जी की डायरी का पेज नं. 10 है 10 सितम्बर, 1947 का। गांधी जी ने कहा था जब गोलवाल्कर जी उनसे मिलने के लिए गये थे। Gandhiji said at his prayer meeting in Delhi on September 10, 1947 "He had been told that the hands of this organisation too were steeped in blood..."

"उसका हाथ इनके खून से, लहू से भरा हुआ है" यह गांधी जी ने इनके बारे में कहा है। यह गांधी जी की डायरी से मैं कहता हूं। ये सरदार पटेल की बड़ी चर्चा करते हैं जैसे यही लोग सरदार पटेल को पूछते हैं, हम लोग जो आजादी के आंदोलन में गए वह तो बिल्कुल गधे थे . . . (**व्यवधान**)

Said Sardar Patel: "Militant communalism which was preached until only a few months ago by many spokesmen of

[Shri M. A. Baby]

the Hindu Mahasabha including men like Mahant Dig Vijay Nath, Prof: Ram Singh and Desh Pande could not but be regarded as a danger to public security. The same would apply to the RSS with the additional danger inherent in an organisation run in secret militant and semi-militant lines." ये हुआ सरदार पटेल का कारेस्पोंडेंस वोल्यूम 6, पेज 66 से।

"The activities of the RSS constituted a clear threat to the existence of the Government and the State". This is from Sardar Patel correspondence Vol. VI page 323. "The other is RSS, I have made to them an open offer: change your plans, give up secrecy, respect the Consituation, show your loyalty to the flag and make us believe that we can trust you."

मैं जिस बात की चर्चा करना चाहता था कि हमारे संविधान में ये नहीं लिखा हुआ है कि किसी को अगर बैन कर देंगे तो सब दिन बैन रहेगा। बैन तो सिर्फ डिसलोकेट करने के लिए है। हर बार ट्राईब्यूनल में जाना होगा। आप लोग आतंक फैला दिए थे, आग लगा रहे थे, कार-सेवक दंगे का संदेशा लेकर जा रहे थे, उसको डिसलोकेट किया गया है। आपको परमानेंट रोक कहां दी गयी है? वह तो सिर्फ डिसलोकेशन है फिर तो वही आ जायेगा। आप सुन लीजिए, इस सदन में बहुत से लोगों ने कहा है हमारे बिहार के मुख्य मंत्री के बारे में कि "वह तो कुछ नहीं है, उजबक है, बहुत लोग बोलते हैं लेकिन एक बात करके हमारे मुख्य मंत्री ने दिखला दिया। ज्यों ही उतरे कार-सेवक, सबको कहा कि वह ऊंची दीवार वाला घर आपके लिए है, चले जाइए, भीतर घुसिए। सबको बंद कर दिया। बिहार शांत रह गया . . . (व्यवधान)

**श्री संघ प्रिय गौतम :** सीतामढ़ी में क्या हुआ ?

**श्री चतुरानन मिश्र :** सीतामढ़ी में तो पहले हुआ . . . (व्यवधान)

**श्री संघ प्रिय गौतम :** 135 मुसलमान मारे गए और इन्होंने मरवाए। बंगाल में क्या हुआ, कलकत्ते में क्या हुआ ?

**श्री चतुरानन मिश्र :** जरा सुनिए तो, कलकत्ते, में वही हुआ कि आपने आग लगाने की कोशिश की, हमने मिलिट्री को सौंपकर के आपको रोक दिया। यही हुआ कलकत्ते में और क्या हुआ ? हमने नहीं चलने दिया। हमारे मुख्यमंत्री ने यही करके दिखला दिया। जो बार-बार जयपाल रेड्डी जी उठते हैं कि इनको अधिकार दीजिए, गणतांत्रिक अधिकार। सरकार को जरूर अतिशय नहीं करने दीजिये, लेकिन वह गलती नही कीजिए जो हिटलर के वक्त में सोशलिस्टों और कम्युनिस्टों ने की थी। यह मैं आपको कह देना चाहता हूं। वरना यह अत्यंत ही खतरनाक जीव इस देश में आया है जिसके दो जीभ हैं। एक जीभ से इधर-उधर लल्लो-चप्पो करता है और दूसरे जीभ से विष फैलाकर सबको चाटता है। यह नया जीव जन्म लिया है।

**उपसभापति :** आपका भाषण खत्म होने की कुछ सम्भावना है . . . (व्यवधान)

**श्री चतुरानन मिश्र :** उपसभापति महोदया, ये लोग इस्लाम के बारे में बहुत बोलते हैं कि बहुत खराब है, इस्लाम जो आया है इसी के चलते हुए ऐसा यह कह रहे हैं। मैं फिर स्वामी विवेकानंद का उद्धरण आपको सुना देता हूं—

"Practical Advaitism, which looks upon and behaves to all mankind as one's own soul, was never developed among the Hindus. .If ever any religion approached to this equality is an appreciable manner, it is Islam and Islam alone. . ."

**श्री सुकोमल सेन (पश्चिमी बंगाल) :** किसको सुनाते हैं आप, किसको सुनाते हैं ?

श्री चतुरानन मिश्र : हम उनको सुनाना चाहते हैं जो अभी तक नहीं समझे हैं कि ये हिंदू नहीं हुडलुम्स हैं ....(व्यवधान) और सुन लीजिए—

"I am firmly persuaded that without the help of practical Islam, theories of Vedantism, however fine and wonderful they may be, are entirely valuales, to the vast mass of mankind...

मैं माथुर जी को सुनाना चाहता हूं क्योंकि वे विद्वान आदमी हैं और हमारे मित्र भी हैं :

"For our own motherland, a junction of the two great systems, Hinduism and Islam—Vedanta brain and Islam body—is the only hope. I set, in my mind's eye, the future perfect India rising out of this chaos and strife, glorious and invincible, with Vedanta brain and Islam body."

This is what you are destroying. इसी का त आप विनाश कर रहे हैं। हिन्दुओं के उसी सिद्धान्त को हम चाहते हैं। ...(समय की घंटी)

मैडम, आपने घंटी बजा दी, इसलिए...

कुछ माननीय सदस्य : बोलने दीजिए, बोलने दीजिए....

उपसभापति : अगर हाउस ऐग्री करता है कि कोई दूसरा न बोले तो हमको क्या ऐतराज है ?

श्री चतुरानन मिश्र :: हम जिस बात की चर्चा करना चाहते हैं उसी को कहते हैं। हम दूसरों का समय नहीं लेना चाहते हैं। एक बात यह है कि इस मसले को हल करने के लिए प्रधान मंत्री व दोनों कम्यूनिस्ट पार्टी के नेताओं की बैठक हुई थी। इसमें हमसे कहा गया कि सरकार सारे कागज पत्र लेकर तैयार है। हम सुप्रीम कोर्ट को दे देंगे और कानून बना देंगे कि फैसले तक यथा-स्थिति रहे और हम लोग साथ देंगे। एक तरह का स्टे आर्डर होना चाहिए। लेकिनवह आपने नहीं किया। आपने भा.ज.पा. पर भरोसा किया और वामपंथ को धोखा दिया। अब आप कह रहे हैं कि हम आपका साथ देंगे। अविश्वास प्रस्ताव तो इस सदन में नहीं होगा, उस सदन में होगा। उस सदन में भी हम आपका साथ देते हैं। हमें इसके लिए धन्यवाद देने की कोई जरूरत नहीं है। हम आपका साथ देंगे, लेकिन फिर आप बजट लाएंगे, उसमें गरीबों पर टैक्स लगाइएगा, फिर आप पब्लिक सैक्टर को चोट कीजिएगा। आपसे हम सीधे सीधे कह देते हैं कि आपका आदर्श क्या है ? आपका आदर्श है विश्व बैंक, आपका आदर्श है आई.एम.एफ.। गांधीजम, पब्लिक सैक्टर आपका आदर्श नहीं है। आत्मनिर्भरता आपका आदर्श नहीं है। इसीलिए हम आपसे कहते हैं कि आपका आदर्श हो गया सेक्युरिटी स्कैम, बोफोर्स। इन सब की हमको आदत नहीं है।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shall I still allow him to continue?

श्री चतुरानन मिश्र : यह आपको भी जानना चाहिए। फाइनेंस मिनिस्ट्री की कंसल्टेटिव कमेटी में भी हमने कहा था। जब हिटलर का उदय हुआ तो इसके दो फैक्टर थे। एक सबसे बड़ा काम किया उस समय रेशियलिज्म का जो यहां कम्यूनलिज्म का रूप है और दूसरा वहां महंगाई, बेरोजगारी बेतहाशा फैल गई थी...(व्यवधान) सबों ने नारा दिया "हेल हिटलर" हेल हिटलर।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : स्टालिन कैसे बना था ?

श्री चतुरानन मिश्र : स्टालिन रहता तो आपको रहने देता ? ये नहीं जानते। सुनिए। जब स्टालिन और उसके लोग रहे किसी को चूं-चप्पो नहीं करने दिया था। हम लोग हट गए तब आप कहते हैं कि बाबरी मस्जिद तोड़ेंगे, यह तोड़ेंगे, वह तोड़ेंगे, हम हट गए तो कहते हैं...

SHRI M. A. BABY (Kerala): Since you have said that two factors contributed for the coming up of Hitler, I would say, there was one more political reason. The two powerful political forces, com-

[Shri M. A: Baby]

munists and social democrats, could not come together to fight Hitler. That also has to be said.

SHRI CHATURANAN MISHRA: I would not like to repeat it.

SHRI MENTAY PADMANABHAM (Andhra Pradesh): Who are the social democrats now?

SHRI CHATURANAN MISHRA: Maybe, both you and I.

तो मैं आपसे कहना चाहता था कि यह तो स्थिति आने वाली है वह सबके सामने है। हमने उनसे कहा कि आप इस खतरे से अगर लड़ना चाहते हैं इनसे तो आर्थिक कार्यक्रम भी वैसा बनाइए। देश के लोग कराह रहे हैं, आपसे राज चलेगा नहीं, यहां सैक्युरिटी स्कैम होगा, बोफोर्स होगा तो आपका साथ क्यों देंगे और विपक्ष के लोग आपका साथ छूना भी नहीं चाहेंगे क्योंकि आप संक्रामक रोग हैं, आप कंटेजियस डिजीज हैं। देख ही रहे हैं कैसा है। इसलिए हम आपसे कहने के लिए आये कि अगर इस राष्ट्र को एक सूत्र में बांधना है तो यह शर्त नहीं होगा कि हम चुनाव में आपका समर्थन करें। चुनाव में समर्थन नहीं करना है तो नहीं करना है। डेमोक्रेसी का अर्थ ही यह है कि अलग-अलग रहें। आप आइये इस बात पर कि आपके पास कोई प्रोग्राम है इस देश को आगे ले जाने के लिए? आपके अण्डे में क्या गांधीज्म लिखा हुआ है, आपके धंधे में क्या नेहरूइज्म लिखा हुआ है, पब्लिक सेक्टर लिखा हुआ है या आपके धंधे में आई.एम.एफ. और वर्ल्ड बैंक, एक्जिट, एक्जिट... । अपने फाइनेन्स मिनिस्टर से मैंने कहा था इतना एक्जिट एक्जिट करते हो, डेमोक्रेसी इज ओन एक्जिट। (**व्यवधान**) इसलिए कम से कम राष्ट्र को इतना तो प्रधान मंत्री कहते कि भई हम से गलती हो गई कि हमने इन पर विश्वास किया। मोरेल रिस्पोंसिबिलिटी तो आप लीजिए। क्यों नहीं लेते यह बताइये। यह राष्ट्र को एक सूत्रबद्ध करेगा। वह कहेगा इन्होंने धोखा दिया, धोखा देने वाले के साथ आप रहम क्यों करते हैं। आप रात में जाकर वाजपेयी से मिलिए या अंधेरी रात में मिलिए हमें इससे कोई मतलब नहीं।

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर :** यह अपना हम पर मत छोड़िये। हमें बैठने दीजिए। (**व्यवधान**)

**श्री चतुरानन मिश्र :** हम तो वैसे भी मिले हैं। हम अयोध्या से दोनों मैं और वाजपेयी जी साथ लौटकर आ रहे थे और हमने यह कहा कि अच्छा किया कि इतने शांतिपूर्ण ढंग से सुलट लिया। उन्होंने चुप्पी साध ली। हम को समझ में आया कि यह धन्यवाद ठीक नहीं दिया। यह तो मिसफायर है धन्यवाद। वहां तो हंगामा होने वाला है। हम दोनों साथ ही आये। इसलिए मैं आपसे कहने के लिए आया हूं कि

Democracy is on the exit. This Government is also on the exit. I warn you all that unless we go to the people and mobilise the public opinion against this, the beginning of the end of this Republic has started. Otherwise the case is lost. I am telling you. If Gandhi Ji could not stop the division of India, we poor fellows are nowhere.

जिन्ना साहब ने 1940 में पास किया था पाकिस्तान का रेजोलूशन और 1947 में ही गोट इट। 7 वर्ष ही लगे। यह आग है। बीजेपी वाले जो कह रहे हैं यह आग है। कम्यूनलिज्म की आग लगेगी और सारा देश धू-धू करके जल जायेगा, कोई नहीं बचेगा। हमारी और आपकी कोई बात नहीं सुनेगा। इसलिए वक्त रहते हम आपको चेतावनी देते हैं कि यह मत समझिये कि मुसलमान मारे जा रहे हैं। हम आपको सीधी बात कह रहे हैं कि यह भारत की जो सर्वश्रेष्ठ चीजें थीं वह मारी जा रही हैं। संविधान की सर्वश्रेष्ठ बातें हैं वह मारी जा रही हैं। इसलिए पब्लिक ओपिनियन आपके फेवर में जा रही है और उनके खिलाफ जा रही है। सारे के सारे दुनिया के लोग लिख रहे हैं, उनकी निन्दा कर रहे हैं और यह कह रहे हैं कि विश्व

के इतने बड़े गणतंत्र, प्रजातंत्र देश में उस पर खतरा है। सेक्यूलर लोग आपकी तरफ झुके हुए हैं। आप उनके साथ बिट्रे मत करिये। मुझे विश्वास है कम से कम आप सावधानी से इस काम को लेंगे। जो स्टेटमेंट आपने हम को दी है यह तो एक पुलिस वर्क है। कम से कम आप जो भाषण दीजियेगा उसमें दिल खोलकर बोलिए जिससे लगे कि आप गृह मंत्री के लायक हैं। नहीं तो हमने जैसे पहले कहा कि चनाचूर बेचिए। इसको छोड़ दीजिए।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Just a minute. The Chairman Saheb announced before leaving that the time allotted for this discussion is over. He suggested that all those parties who have not spoken should be given first preference. I do not know how many names of Members we can keep on adding who would like to speak because they feel that they would like to put forth their views before the Members on the floor of this House. I have some hands being raised in this House. Now, first of all I would request the House to dispense with the lunch hour and if the House so agrees, we can dispense with the lunch hour, sit through the lunch hour so that we have one extra hour to discuss this. I would request the hon. Members that whatever they want to say if they say it briefly because so much has been said already and if they do not go into the details of what happened and just say as to what are the solutions or suggestions, I think it will help the Home Minister also to formulate his thoughts in future. This is my suggestion. *(Interruptions)*

SHRI MENTAY PADMANABHAM: Madam, when are you going to have voting?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let me complete. This is the tragedy. We will have a voting on this also because this discussion is going to culminate into the proclamation. *(Interruptions)* I do not know. It depends on the House. Mr. Mathur, I cannot give you the time. It depends on the entire House when they have finished the discussion.

1.00 P.M.

If the House cooperates with the Chair, then the discussion can be short.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: मेडम, मैं दूसरी बात पूछ रहा हूं। चेयरमैन साहब ने हुक्म फरमाया है कि जिन पार्टियों के लोग बोल चुके हैं उनके लोग नहीं बोलेंगे।

उपसभापति: चव्हाण साहब ने नहीं, चेयर ने कहा था।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: जी हां, चेयर ने कहा था। इसलिए मैं यही विश्वास चाहता हूं कि जिन पार्टियों के लोग बोल चुके हैं वे न बोलें और जो दल रह गये हैं उन्हें ही बोलने दिया जाये तो ठीक है, लेकिन अगर जिन पार्टियों के लोग बोल चुके हैं वे भी बोलें तो मेरी पार्टी को भी समय दिया जाना चाहिए।

उपसभापति: पहले बहस तो पूरी हो जाय।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: जो बोल चुके हैं वे न बोलें जैसा चेयर ने कहा है, मुझे मंजूर है।

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am taking the sense of the House because the Chair functions with the cooperation of the Members. It is not the will of the Chair or the will of the Leader or the will of the Opposition Leader; it is the will of the entire House. If the Members so feel that they can contain their speeches and we can allow many Members to give their opinion on this point, I would try that we finish it in two hours or one and a half hours or during the lunch hour....

SHRI S. JAIPAL REDDY: Madam. I would like to submit that the time allotted to our party is not exhausted while the time allotted to the other parties has been exhaused. Therefore, you may kindly make an exception in the case of our party.

THE DEPUTY CHAIRMAN: O K.

[Shri S. Jaipal Reddy]

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: Madam, some Members have taken double the time allotted to them. Double the time but you are not giving me five minutes even. (*Interruptions*) ...

THE DEPUTY CHAIRMAN: अगर इस पर बहस छेड़ेंगे तो जो नुक्ता है वह खत्म हो जाएगा।

The House is agreed that we are not having the lunch hour. Then also I request the Members,—I will try to put as many Members into it as possible—I request each one of you to be brief. I call Mr. K. N. Singh.

**श्री के० एन० सिंह** (उत्तर प्रदेश) : मेडम डिप्टी चेयरमैन, अभी हम मिश्रा जी की बात सुन रहे थे। बड़े गांधीवादी विचारधारा में, शुद्ध शब्दों में, इन्होंने बोलने की कोशिश की और कहा कि बी०जे०पी. की सही सकल देश के सामने रखी जाय। इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं थोड़े रिजर्वेशन के साथ। बहुत देर में ये इसको समझे हैं। मैं अभी कल ही कानपुर गया था तो वहां के अधिकारियों ने कहा कि साहब, 2 तारीख को कार सेवक यहां से चले गये थे। 2 तारीख से 6 तारीख तक कोई चोरी, कोई दुर्घटना या गिरहकटी कानपुर में नहीं हुई और 6 तारीख को जब वे लोग वापस आये तो डाके पड़ने शुरू हो गये और कत्ले आम शुरू हो गये, यह बात लोगों ने हमें बताई। मैं अपने साथियों को कहना चाहता हूं कि आपने कार सेवकों को इतना ट्रेन्ड कर दिया है कि वे हर चीज में माहिर हो गये हैं। कानपुर में 40 आदमी जिन्दा जला दिये गये, 35 आदमी अभी तक गायब हैं। उनका कोई पता नहीं है। होता यह है कि आम तौर से जो गायब होते हैं उनकी लाशों को जला दिया जाता है, वे मिलते नहीं हैं। करीब 30 आदमी मारे गये हैं और लाखों का नुक्सान हुआ है। उत्तर प्रदेश में तीन जगहों की हालत खराब रही। कोशिश तो इन्होंने हर जिले में की थी। लेकिन आप कानपुर की बात सुनें। कानपुर का कलेक्टर कौन था? कल्याण सिंह ने क्यों उसको फैजाबाद से हटा कर कानपुर में रखा था? वही श्रीवास्तव और वही एस.पी. कानपुर में रखे गये थे... (व्यवधान)। दोनों वही थे। उन्होंने जो कत्ले आम करवाया उसका एक दृश्य मैं आपको बताता हूं। पुलिस की गाड़ियों में पैट्रोल लादकर वे लोगों के घरों में गये, लोगों को पकड़ा और पैट्रोल डाल कर जला दिया।

40—42 ऐसे आदमी वहां मारे गये और वे सारे के सारे माइनारिटीज के लोग थे। वे पता नहीं क्या काम करने गये थे। रोजी-रोटी कमाने गये थे। शहर में तो हुआ गांवों में भी दोनों कौमों का नुकसान ज्यादा हुआ। काफी धन गया, प्रोपर्टी जली। तो मैं मिश्रा जी से कहना चाहता हूं कि हमने भी गलती की है और आपने भी गलती की है। इस वक्त सिंहा जी यहां नहीं हैं लेकिन जयपाल रेड्डी जी यहां हैं। आपने भी गलती की है। हमने इस हाउस में, हम सब ने इनका असली रूप जाने बिना यह गलती की है। इन्होंने एक दफा गांधियन समाजवाद की बात करी थी और कहा था कि हम और सब छोड़ देते हैं और अब गांधियन समाजवाद पर चलते हैं। आप अगर इनकी नीयत देखें शुरु से तो जब गांधीजी की हत्या हुई थी, आपको याद होगा कि गौडसे ने उनकी हत्या की तो मालूम नहीं था कि गोडसे हिन्दू है या मुसलमान है। इन्होंने गौडसे की मुसलमानी करायी थी। जरा नीयत देखें कि कैसा तरीका होता है इन ताकतों का, उनकी मुसलमानी करायी गयी थी कि यदि पकड़े जांये या उनको मार दिया जाय—उनका प्लान था कि उनको मार दिया जाये, इससे कातिल का पता नहीं लगेगा और यहीं पता लगेगा कि वह मुसलमान था। लेकिन जब वह पकड़ा गया तो पता लगा कि वह हिन्दू है। यानी उनकी नीयत क्या थी? जो फासिस्ट तरीका होता है, उसकी उन्होंने शुरुआत की थी। जब धर-पकड़ हुई तो धर-पकड़ में उन्होंने दोनों हाथ उठा दिये कि हम आर०एस०एस० के नहीं हैं। दफ्तर बंद हुआ। लेकिन एक बात आप जान लें कि इस देश की राजनीति एक तरफ तो दिल्ली से चलती

है लेकिन दूसरी तरफ वह नागपुर में धृतराष्ट्र से चल रही है। नागपुर में धृष्टराष्ट्र बैठा है और वहां से इनकी राजनीति चलती है और जो वह चाहता है वह ये यहां कहते हैं। उनका माउथ है बी० जे० पी०। इसलिये कभी कभी हमारे दोस्त धोखे में पड़कर के—आपको याद होगा कि कांग्रेस के खिलाफ कई मुहाज बनीं। कभी जनता पार्टी बनी और उसने इनकी आरती उतारी और फिर उन लोगों का क्या हश्र हुआ। फिर जनता दल वालों को कहना पड़ा कि वह लोग धोखेबाज हैं। फिर हमारे साथियों ने जो आज महसूस कर रहे हैं, उन्होंने उनकी आरती उतारी और उनका हश्र भी आपने देखा। अब मिश्रा जी आप यह सोच रहे हैं लेकिन इनकी यह शक्ल तो हम पहले से जानते थे, आपको भी मालूम था। आपको इस बात का अहसास था कि इनकी शक्ल क्या है लेकिन आप इतने गुस्से में थे, आप हमसे इतने नाराज थे कि आपने हमको हराने के लिये इन नागनाथों का साथ दिया। मैं समझता हूं कि यह ऐसा जहर है जिसका अहसास आज आपको हो रहा है। आज हिन्दुस्तान उस चौराहे पर खड़ा है, आज वह वहां खड़ा है, जहां हमें इस बात का फैसला करना है कि हमें किधर जाना है, देश को किधर जाना है। यह एक मौका देश को मिला है। इस मौके से हमको फायदा उठाना चाहिए और इसके लिये हम सब कोशिश करें। मैं समझता हूं कि यह जो मौका मिला है इस देश को सही रास्ते पर ले जाने के लिये इसके लिये जब हम देखते हैं कि सारे वे दिल, जिनके मतभेद थे...

**श्री चतुरानन मिश्र** : पवार साहब जी ने जो फिल्म बनायी है वह भी दिखलाइये सबों को सदन में।

**श्री के० एन० सिंह** : मैं समझता हूं कि वह जरूर दिखायी जायेगी ताकि सब के सामने इनके चेहरे साफ हों ..... (**व्यवधान**)...असल में बात यह है मिश्रा जी कि इनमें जो गैर–आर० एस० एस० लोग हैं वे ज्यादा बोलते इसलिये हैं कि वे अपनी वफादारी साबित कर सकें। इनमें हमारे गौतम जी आप भी हैं। क्योंकि आप आर० एस० एस० में कभी नहीं रहे और ये उस तबके से आते हैं जो गरीबों का तबका है, इसलिये ये बेचारे अपनी वफादारी साबित करने की कोशिश करते हैं।

**श्री संघ प्रिय गौतम** : मैं आपको एक शेर सुनाना चाहता हूं :

"तेरी सूरत तो ऐ जालिम नहीं है प्यार के काबिल,
मगर हम क्या करें हमको वफा मजबूर करती है"।

...(**व्यवधान**)...

**श्री एन० के० पी० साल्वे** : वह भी तो यही कह रहे हैं।

**उपसभापति** : गौतम जी यह शेर किस पर आपने पढ़ा है? उनके लिए पढ़ा है या अपने लोगों के लिए पढ़ा है (**व्यवधान**)

**श्री के० एन० सिंह** : गौतम जी, मैं आपके शेर का जवाब भी दे दूंगा। आप जल्दी न करें। मिश्रा जी, असल में इनको आज़ादी का कोई ख्याल ही नहीं है क्योंकि इन्होंने आज़ादी की लड़ाई लड़ी ही नहीं। आज़ादी किस को कहते हैं, इस बात का इनको अहसास नहीं है। कितनी मुश्किलें उठानी पड़ी, कितने लोग लड़ाई में गये, उसमें हिन्दू, मुसलमान, सिख और ईसाई भी थे, इनको इसका अहसास नहीं है। आपने देखा कि आज़ादी की लड़ाई के शुरु से ही इनके एक भी आदमी ने आज़ादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया। इसलिए इनको देश की एकता का कोई ख्याल नहीं है इनके दिमाग में 1989 में अयोध्या में इनके नेता ने कहा था, मैं जानता हूं सरकार मन्दिर बनवा सकती है, एक नहीं, 10 मन्दिर बनवा सकती है, एक महीने में बनवा सकती है, सब कुछ हो सकता है, लेकिन इनके दिमाग में तो यह है कि हमको हिन्दू राष्ट्र की स्थापना करनी है और यह इस दिशा में इनकी पहली सिढ़ी है जिसके लिए इन्होंने पूरे देश में उन्माद खड़ा कर के सारे देश को बांटने की

[श्री के० एन० सिंह]

कोशिश की है । मैं समझता हूं कि हम देशवासियों के सामने जाएंगे, हमारे साथी जो यहां बैठे हुए हैं, उन्होंने भी इस बात को महसूस करना शुरु कर दिया है कि इनका असली मकसद क्या है । हमारे अहलुवालिया साहब ने बताया कि 1952 से ले कर इनको कब कितने वोट मिले। लेकिन इन्होंने जो वोट लिया उसके बाद यह कोशिश किया कि हम कैसे इसको आगे बढ़ावें । मैं आज आपको एक खत सुनाता हूं जो मेरे दोस्त का है जिनका नाम है राम केवल खां । सोचिये यह हमारी तहज़ीब है, हमारी संस्कृति है, हमारी धरोहर है । राम केवल खां हिन्दू थे। उनके अजदाद मुसलमान हो गये । हमारे दोस्त आजमी साहब मौजूद हैं । शायद वह भी पहले इसी खानदान से थे। उन्होंने लिखा है कि आज यह खत मैं आपको बड़े दर्द के साथ लिख रहा हूं । हालांकि हमारे यहां सब ठीक है, कोई हादसा नहीं हुआ, थोड़ा सा दोस्तपुर में हल्ला-वल्ला हुआ, लेकिन अब सब ठीक है। पिछले चुनाव में गांव की औरतों ने, सब लोगों ने जनसंघ को वोट दिया था । उनके दिमाग से जनसंघ नहीं जाता है हालांकि इन्होंने बी०जे०पी० नाम रख दिया है, लेकिन वे जनसंघ ही कहते हैं । वे लिखते हैं कि पिछले चुनाव में गांव की औरतों ने जनसंघ को वोट दिया था कि राद का मन्दिर बन जाए, उसमें हमारे घर की औरतें भी शामिल थीं । लेकिन उन्होंने कहा है कि अब क्या करें, इसके बाद अब क्या करें ? राम को हटा दूं तो केवल खां रह जाएगा और अगर राम केवल को हटा दूं तो खाली खां रह जाएगा। तब मैं आता क्या नाम बदलूं । आखिर में उन्होंने एक शेर भी लिखा है, वह यह है कि—

एक बेवफा को दिल दिया, पछता रहा हूं मैं,

अपने किये की आप सजा पा रहा हूं मैं ।

फिर आगे लिखा है—

अहले चमन से अब न दगा करेंगे हम,

हद से बढ़ा जो जुल्म तो बगावत करेंगे हम ।

यह वह खत है जो पहले हिन्दू परिवार था जिसके अजदाद मुसलमान हो गये थे। उसका नाम राम केवल खां है । सोचिये, जो जहर आपने फैलाया है, वह किस हद तक फैला है । उसके घर की औरतों ने राम के नाम पर, शिला पूजन कर के मन्दिर बनवाने की चेष्टा की थी कि राम किसी जमाने में हमारे खानदान से था । मुसलमान होने के बावजूद भी एक दफा पहले शादी ब्राह्मण से होती है फिर निकाह भी होता है । इन पूरी परम्पराओं को आपने कितना नुकसान पहुंचाया है हम जानते हैं आपको इसका अफसोस नहीं होगा क्योंकि आपका मकसद ही यही है? अफसोस तो इन लोगों को है जो हमारे यहां सदन में बैठे हुए हैं । आपको अफसोस नहीं होगा । आप तो अपने मकसद में पूरे हो रहे हैं । इसलिए मैं समझता हूं कि यह आपको सोचना पड़ेगा । मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा क्योंकि मिश्रा जी ने सब बात आपको बता दी हैं । अटल बिहारी वाजपेयी जी भूख हड़ताल पर हैं । हमारे बड़े लिबरल साथी हैं, हमारे बुजुर्ग हैं, मुझे आज बहुत सख्त अफसोस हुआ कि उनके सजेशन को मैंने बहुत बुरी तरह स इन्कार कर दिया कि हमको सबको जाना चाहिए । वाजपेयी जी के बारे में हम सबको भ्रम है । गांधी जी की परम्परा है—जब इन्होंने कौल दिया, चौरी-चौरा में क्रांतिकारियों ने वहां की पुलिस के ऊपर हमला करके जला दिया, तो वे फौरन भूख हड़ताल पर चले गये । उन्होंने कहा कि मुझे अफसोस है कि जो यह कर्म हुआ । वाजपेयी जी अगर आज देश के सामने कहते कि जो आज हुआ है, जो लोग जिंदा जलाये गये हैं जिन औरतों के साथ बलात्कार हुआ, जिन औरतों के साथ उनके मां और बाप के सामने बलात्कार हुआ इसके लिए मुझे अफसोस है इसलिए मैं भूख हड़ताल पर जा रहा हूं तो मैं समझता हूं कि आज यह पूरा सदन आपकी बात की ताईद करता । लेकिन मैं समझता हूं कि वाजपेयी जी ने एक

रास्ता अपनाया और हमारे आपस के साथियों ने जो आज एक मुत्तहिदा दिमाग के जैसे काम करना शुरु कर दिया था कि कम्यूनलिज्म के खिलाफ हमको लड़ाई लड़नी है, मुस्तरिका माहौल बना करके, उसमें भ्रम पैदा करने की कोशिश की कि डेमोक्रेसी के नाम पर हमको अधिकार नहीं दिया जा रहा है ।

आप ललकार दिवस मना रहे हैं । किस बात की ललकार थी आपकी । आप जीते हैं क्या ? मैं समझता हूं कि हमारी सरकार की यह कमजोरी है । अगर प्रतिबंध लगा था आर० एस० एस० पर तो गांधी जी की हत्या के बाद भी लगा था । ये सारे लोग भाग रहे थे घर छोड़कर। उनका पता नहीं चल पा रहा था और आज आप ललकार दिवस मना रहे हैं। यह मैं समझता हूं कि हमारी कमजोरी है, हमारी सरकार की कमजोरी है। मैं समझता हूं कि जरा और सख्ती के साथ बर्ताव करना चाहिए इनके साथ और अगर यह हाथ उठाकर कह दें कि हम आर०एस०एस० के नहीं हैं—माथुर साहब यहां बैठे हैं, कह दें कि हम आर० एस०एस० के नहीं हैं, छोड़ दीजिए उनको हमको कोई एतराज नहीं है। हालांकि मैं जानता हूं कि हमारे सिकन्दर बख्त साहब कन्फ्यूज्ड आदमी हैं। मन में कुछ है, मुंह में कुछ है। बोल नहीं पाते हैं बेचारे। मजबूर हैं। कहीं सोचते हैं बाहर जाएंगे तो क्या हमको लोग कहना शुरू करेंगे। मैं उनकी हालत महसूस करता हूं, कितने धर्मसंकट में हैं... (व्यवधान) कितनी उनको परेशानी है। मुझे पूरा अहसास है। रोजी रोटी की लड़ाई सभी लड़ रहे हैं। वे भी बेचारे लड़ रहे हैं। क्या करें।

मैं समझता हूं कि आज वह दिन आ गया है जबकि हम इस हाउस में बैठे हुए जितने लोग हैं इस बात के बारे में तय करें कि इस देश में यह जो साम्प्रदायिकता का जहर एक फासिस्ट रूप लेता जा रहा है कैसे इससे लड़ा जाए। हम समझते हैं कि कोई बैन से यह लडाई नहीं लडी जाती। इसका मुझे पूरा अहसास है लेकिन जैसा कि मिश्र जी ने कहा कि बैन तो होता है आपको तितर बितर करने के लिए, लड़ाई तो होती है सिद्धांत की और उसके लिए आपको मन बनाना पड़ेगा, हमारे उन साथियों को जो हमारे दल के साथ नहीं हैं, उनके किसी बात में मतभेद हैं, कम से कम एक मसले पर हम तय हो जाएं कि हम इस साम्प्रदायिकता के जहर से लड़ेंगे। जमीन से लेकर दिल्ली तक लड़ेंगे। मैं समझता हूं कि शायद हिंदुस्तान की परम्परा ऐसी है कि जो हमारा साथ देगी।

मैं कल्याण सिंह के बारे में था और लोगों के बारे में इसलिए नहीं कहना चाहता हूं कि काफी बातें कही गयी। कल्याण सिंह के बारे में मेरे दिमाग में मेरे जेहन में बहुत सफाई थी । बहुत ही बैकवार्ड कम्युनिटी के अच्छे टीचर थे । बहुत ही ईमानदार आदमी हैं । लेकिन सुप्रीम कोर्ट में मोहर लग गयी कि इनसे बड़ा बेइमान आदमी कोई नहीं है । सुप्रीम कोर्ट ने यह लगा दिया और उनके वकील ने कह दिया कि हां साहब हमारे क्लायंट ने धोखा दिया । मैं समझता हूं कि शायद कम से कम यह बात है कि अगर वे ठीक 11 बजे 12 बजे इस्तीफा दे दिये होते तभी उनमें ईमानदारी होती कि हमारी बात नहीं मानी गयी । लेकिन उन्होंने इस्तीफा तब दिया जब पूरी मस्जिद का सफाया करके पूरी मस्जिद को वहां से हटा करके वहां कंस्ट्रक्शन शुरु हो गया । तब जाकर उन्होंने इस्तीफा दिया... (व्यवधान)

**श्री संघ प्रिय गौतम:** वह 36 घंटे के आपके राज में हुआ है ... (व्यवधान)

**उपसभापति:** अब आप डिस्टर्ब मत करिये... (व्यवधान)

**श्री के० एन० सिंह** : इसलिए मैं आज आपके माध्यम से यह बताना चाहता हूं सरकार को कि वहां लोग कोशिश कर रहे हैं पूजा करने की, मैं समझता हूं कि यह उचित नहीं होगा । सरकार ने अगर उनको पूजा करने का अवसर दिया तो फिर एक दंगा वहां शुरु होगा, फिर एक लड़ाई शुरु होगी इसलिए जैसे सरदार पटेल ने कदम उठाया था , मुझे याद है उन्होंने कहा था अगर वे हिंदू और मुसलमान नहीं मानते हैं तो जो इडोल — राम तो मेरे पूर्वज थे, राम की जगह से तो मैं आता हूं , राम की मूर्ति अगर चोरी से

[श्री क० एन० सिंह]

रखी गयी है--1949 में उन्होंने कहा था, पटेल ने, तो उसको उठाकर फेंक दो सरयू के अंदर, ऐसी मूर्ति की कोई जरूरत हमको नहीं है। मैं समझता हूं कि उस मूर्ति के बारे में हमको जो वहां पूजा होती थी पहले, एक आदमी सुबह और शाम कर दीजिए, कोई एतराज नहीं होगा। अगर आप आज उस स्थल को पूजा--जैसे हजारों आदमी जो प्लान लेकर जाना चाहता है और उसको पूजा स्थल डेक्लेयर करना चाहते हैं, यह हमारे लिए खतरनाक होगा देश के लिए खतरनाक होगा और खुद राम के राज के लिए खतरनाक होगा।

मैं इन्हीं शब्दों के साथ आपका शुक्रिया अदा करता हूं और उम्मीद करता हूं कि हम साथी सब मिल करके, जो यह जहर है, उसके खिलाफ लड़ाई अच्छी लड़ेंगे।

THE DEPUTY CHAIRMAN: From the Telugu Desam, who will speak? Mr. Khaleelur Rahman. Shrimati Renuka Chowdhury also wants to speak.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY (Andhra Pradesh): I was granted permission by the Chairman himself yesterday and I do not think I am supposed to share his time.

मैं तो परसों से इंतजार में थी।

I was allotted this time and I rarely ask for permission.

THE DEPUTY CHAIRMAN. If the Chairman has permitted time to you, I will give you. There is no problem. Naturally, I would like the view of women also to go on record.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: This is precisely the reason why I want to speak... (*Interruptions*) ...

श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान (आन्ध्र प्रदेश) : जनाब डिप्टी चेयरमैन साहिबा ... (व्यवधान)

†شری محمّد خلیل الرحمٰن : جناب ڈپٹی چیرمین صاحبہ ... "مداخلت" ...

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

श्रीमती सुषमा स्वराज (हरियाणा) : महोदया, मुझे भी... (व्यवधान)

उपसभापति : उनकी पार्टी का समय है ना... (व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : अगर उनका समय है, तो जरा इधर का प्वाइंट आफ व्यू भी एक वोमन को तरफ से आ जाए। ... (व्यवधान)

THE DEPUTY CHAIRMAN: I do not mind it. We do not go by men and women or any other thing. But here she would like to say. She told me that she wanted to express her feeling... (*Interruptions*) ... I think it is absolutely all right.

श्रीमती सुषमा स्वराज : मैं तो चाहती हूं... (व्यवधान) मैं तो ताईद कर रही हूं कि जरुर दीजिए, लेकिन इधर भी ध्यान रखें।

जहां तक 6 दिसम्बर का प्रश्न है, घटनाएं जो 1990 में हुई और जो 1992 में हुई उनमें बहुत समानता है । दो दिन पहले मुफ्ती मोहम्मद सईद बोले थे । वह 1990 में देश के गृह मंत्री थे । मैं सदन के पटल पर, सदन के माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि उस वक्त भी जो रथ यात्रा प्रारम्भ की गई थी वह देश के तत्कालीन प्रधान मंत्री को राय से सहमति से हुई । इस वक्त भी जो अयोध्या में हुआ वह देश की केन्द्रीय सरकार के मौन सहमति से हुआ । उसकी खामोशी के चलते हुआ । अन्तर सिर्फ यह था कि केवल उस वक्त मुलायम सिंह सहमत नहीं थे । अगर मुलायम सिंह से केन्द्रीय सरकार ने पूरा सहयोग किया होता तो यह निश्चित था कि जो तब कहा गया था कि बाबरी मस्जिद पर कोई परिंदा पर नहीं मार सकता तो नहीं मार सकता था । फिर भी मुलायम सिंह के प्रबन्ध के चलते इन्होंने बाबरी मस्जिद को छूने की कोशिश की । वह गुम्बद पर चढ़ तो गये लेकिन उतर नहीं सके । यह रिकार्ड है । इस बात का समाजवादी पार्टी और उसके नेताओं को कभी अफसोस न था, न है और न कभी रहेगा चाहे उनको मौलाना मुलायम कहें, मुल्ला मुलायम कहें, चाहे हिन्दू मानें या न मानें, चाहे हिन्दू वोट दें या न दें । लेकिन इतिहास इस बात का साक्षी है कि हमारे नेताओं ने हमारे राज्याध्यक्षों ने, हमारे शासनाध्यक्षों ने अपने उत्तरदायित्व का पालन नहीं किया । नतीजा यह हुआ कि हिन्दुस्तान के माथे पर हिन्दुस्तान की धर्मनिरपेक्षता पर एक ऐसा कलंक लग गया जिसको कभी मिटाया नहीं जा सकता ।

मैं कुछ सुझाव एक-दो मिनट में आपके माध्यम से गृह मंत्री जी के सामने रखना चाहूंगा । अगर यह सच मान लिया जाए कि उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश नहीं दिया था तो क्या वे अधिकारी इस बात से बच सकते कि राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद 30 घंटे तक उनको किसने रोक रखा था ? क्या हिन्दुस्तान के गृह मंत्री का निर्देश था कि गोली न चलाई जाए, यह सारी कारवाई होती रहे । मेक शिफ्ट टेम्पल बन गया ? किस के दौर में बना किस के जमाने में बना, मैं चाहूंगा इसकी जांच होनी चाहिए । मैं यह भी चाहूंगा कि पिछले 16 महीने के शासन के दौरान उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जिस तरह से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं को पुलिस में और अन्य जगहों में भर्ती किया है जो आगे चल कर देश की साम्प्रदायिक एकता के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं, उनकी जांच होनी चाहिए । उन अधिकारियों की जांच होनी चाहिए जिनकी बैकग्राउंड आर०एस०एस० की है । अगर ऐसा नहीं होता है तो निश्चत रूप से यह देश के लिए घातक होगा । ऐसा नहीं है कि जो पुलिस पर आरोप लगता है सारे पुलिस वाले इस तरह के हों ऐसा नहीं है कि सारी पी० ए०सी० इस तरह की है । इसी पुलिस और पी०ए०सी० ने 1990 में बाबरी मस्जिद की रक्षा की थी । अगर नेतृत्व गलत होगा, लीड करने वाला गलत होगा तो उसी दिशा में लोग चलेंगे । अभी दो दिन पहले लीडर आफ दी अपोजीसन ने मोरेलिटी की बात की थी। मुझे कभी-कभी आश्चर्य होता है कि बहुत बुजुर्ग लोग हैं, सीनियर लोग हैं, कभी-कभी हम जैसे छोटे आदमी की बात उनको बुरी लग सकती है । माफी के साथ मैं कहना चाहूंगा कि जब भारतीय जनता पार्टी नैतिकता की बात करती है तो इसे उसी तरह से लिया जा सकता है जैसे कोई वेश्या पति व्रत धर्म का उपदेश देती हो । इनके मुंह से नैतिकता की बात अच्छी नहीं लगती है जाने कितने लोग. . . (**व्यवधान**)

**श्री संघ प्रिय गौतम** : महोदया, मेरा पाइन्ट आफ आर्डर है। वेश्या भी औरत होती है, ह्यूमन बिइंग होती है यह उसका अपमान है। यह शब्द इनको नहीं कहना चाहिए. . . (**व्यवधान**)

**श्रीमती सत्या बहिन** : ये लोग तो वेश्या से भी ज्यादा पतित हैं. . . . (**व्यवधान**) ।

**श्री संघ प्रिय गौतम** : मैं आपकी बिरादरी के लोगों की महिलाओं की, बात कह रहा हूं ।

**श्रीमती सत्या बहिन** : मैं यह कहना चाहती हूं कि. . . (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARANJAN): Please do not ..(Interruptions). Sa'yaji please sit down. Now conclude, Mr. Yadav. I am going to call the next speaker.

**श्री राम गोपाल यादव** : मैं सिर्फ इतनी ही बात कहना चाहता हूं कि... **(व्यवधान)** ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): No. You will have to please conclude because there is not much time.

**श्री राम गोपाल यादव** : हमने यह पढ़ा था कि चेयर बैंक बैंचर्स को प्रोटेक्शन देती है। लेकिन मैं देख रहा हूं कि जिनको 20 मिनट मिले थे वे 40 मिनट बोले और जिनको तीन मिनट मिले उनको एक सेकेण्ड भी ज्यादा समय नहीं दिया जाता है। यह मैं लगातार देख रहा हूं।

That is why I am sitting. I have nothing to say.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Smt. Renuka Chowdhury.

**श्री ईश दत्त यादव** (उत्तर प्रदेश) : महोदया, इनको अभी बोलने दीजिये।

**श्री राम गोपाल यादव** : यह कोई तरीका नहीं है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): I am sorry. The House has very little time. I cannot permit every single Member. (*Interruptions*) He has spoken for seven minutes. I am sorry.

**श्री ईश दत्त यादव** यह बहुत अहम मसला है, इसलिए उनको पूरा समय दीजिये।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): I know. But I annot help that. Now I am sitting in the Chair and I can only do what I am supposed to do. (Interruptions). I have called Mrs. Renuka Chowdhury. Please sit down.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: Madam, the 6th of December witnessed the demolition of the disputed structure, Ram Janmabhoomi-Babri Masjid. The tragedy lies in the this that we say this name in one breath, we refer to it as the Ram Janmabhoomi-Babri Masjid and today, we have divided this and we have failed to learn to see through what were the two eyes of secularism. We have failed to learn to have a collective vision. It is wrong not just for the reasons that have been cited by this Parliament, not for the abuses that have been made by the various parties that have taken part in this, but it is wrong because it is a total abdication of our moral and functional responsibilities. The functional responsibility is this. The Bharatiya Janata Party gave an assurance that certain things would not take place and the y failed to fulfil it. They quickly backtracked and tried to atone for it by getting their leaders to resign. I do not know if that is It costs me an extra effort to make this deemed enough or sufficient. But then, the moral responsibility lies with the Central Government. Madam, through you, I wish to point out that the manner in which it was structured, the social and politica climate, particuarly in the 1980s, had been in the hands of the ruling party. We have the decade of the 1980s out standing in the memory of India. We had the Operation Blustar in Junjabi; we had the Assam Agitation; we had the Operation BBluestar in Punjab; we had the Operation Woodrose, we had the in the Capital of this nation. I finl this grisly business of head-count extermely distasteful but we cannot run away from reality and hence the counting goes on. The state in which this nation gds itself today is the direct consequence of misrule in J&K. To continue thelist,in 1986, the Congress arranged for a court of local magistrate to have the locks of the Ram Janmabhoomi-Babri Masjid opened. The farce of the Shah Banoan inhuman chrade that was played on this nation. In 1989, the then Leader of the Congress and the then Prime Minister conducted Shilanyas anl lauched his campaign from Ayodhya and then spoke of Mam Raj. Memories are both short and inconvenient. Dimen-

sion of miral responsibility—this was a negotiated process-the 6th of December, 1992. It was a negotiated process. Everybody sat across the table to negotiate to see that we would overcome this hurdle collectively and peacefully and the Prime Minister was the principal negotiator in this very negotiation. He negotiated the 6th December. It was with his tacit consent and approval that whatever happened happened. It is a matter of great regret that till today neither the Government nor the Prime Minister of this country has said anything other than voicing that he, the Prime Minister, was betrayed. I fail to see how he can betray himself. He betrayed the NIC who reposed confidence and faith in him that he will take the necessary measures. He betrayed the other parties who empowered him to do what he thought fit to resolve this problem and yet again, the Prime Minister betrayed this nation. I say again, because to help refresh your memories, in 1984, this very Prime Minister was the then Home Minister. It was expected that in the face of this agitation we would have had statesmanship, we would have had leadership and we would have talked of giant men. Instead, what we witnessed was the following:

The Government failed to respond adequately. It was expected that there would be violence in the country. I salute the people of this nation because the true spirit of secularism amongst India and this violence was able to contain itself. It did not contain itself because of the police bullets, it did not contain itself because of the awesome presence of the Armed forces. It contained itself because an Indian empathises with an Indian and hence I salute the people that the people did not give in to petty politicking of a handful of our politicians who are trying to take this nation astray. The Government failed to protect the honour of this nation. I do not want to dwell, because it is so hurtful, on the image that we have left internationally of what happened in Bangladesh, what happened in Pakistan and what happened in the U.K. In response to this, we witnessed unbelievable insensitivity. The Government speaks of building the mosque. Then it backed out, then it retracted. The Home Minister says, "six months". The Defence Minister says, "one year" and the Prime Minister says nothing. The Government has banned the organisations after giving them four days' notice and then there was nothing about it after that. The next step of the Government is largely to meet it's own internal differences. It dissolved the State Governments which have been duly elected. This is an old habit, die-hard, of the Congress. At one time, Andhra Pradesh was also victim of this. The people of this nation will not stand by and watch you commit the constitutional folly and cause blaspheme on what has been practised democratically for so many years in this nation. The path that the Congress has adopted for itself is of self-destruction and it is of least importance to me—the political outcome of the fall-out of your political fortunes. What you require is mercy killing, euthanasia. All support systems-artificial and otherwise-have been cut off from you. Please wake up. The Prime Minister has to resign. No individual is worth the price that this nation is paying. it costs me an extra effort to make this demand.

My party did not contest this man's election in my State. We talked of Telugu pride. The nation is above Telugu's pride. The time has come, if we are sincere about assuaging the sentiments. if we are talking of a secular set-up, if we are talking of the norms and decencies of our democracy, when the Prime Minister should step down. Wit a single step you will be able to undo what you are repeatedly, foolishly doing... (*Interruption*)...

SHRI V. NARAYANASAMY: Your alignment with BJP is proved now.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: I am not asking for comments. I have a warning for the BJP also. The BJP have unleashed, they have opened the bottle—I am concluding—they have opened the bottle... (*Interruption*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Let her finish.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: They have allowed a genie to escape. Whether this genie will control you or whether you will control the genic is a matter confined only to the BJP because even you will meet the same fate as the Congress because in secular India no saint or fakir will rule independent India, the nation in which I have been born and I will die seeing this country in that spirit. I will also address myself to Parliament.

भाई, मुर्दों की चिताओं पर सियासी रोटी सेंकना बंद कर दीजिये ।

We are all *jimmewar.*

हम सब जिम्मेवार हैं इस बात के और कम से कम आज के दिन सच कहने की कोशिश तो हम करें । कह सकें या नहीं कह सकें, कमजोरी हो सकती है, यह अलग बात है, लेकिन कोशिश तो हम करें ।

We all have brought about this situation. It is time for us to look at the truth and learn to speak the great experiment called 'truth' and fire this revolver | of revolution called 'truth'. We have all done it. We isolated the Muslims. We ask for the minority-vote. Tody, the BJP has taken another community vote.

और क्या कर सकोगे, आप इस देश को बता दीजिये । हम आज के दिन सिर्फ बेलट बाक्स की तरफ नजर उठा कर देख रहे हैं और बेंट बाक्स की ऐसी गुलामी कर रहे हैं कि इस देश की, भारत मां की बेइज्जती पर तुले हुए हैं । आजाद भारत कहते हैं, भारत मां कहते हैं । कौन सी कौम में लिखा है कि अपनी मां की बेइज्जती करो ? यह मैं आपसे पूछ रही हूं ।

I am concluding. The true victims of this tragedy are the unknown Indians. The true victims of this tragedy are the women and children on whom this terror and crime has been unleashed. As a woman, I am not concerned about which party sits in Government. I am concerned about the security of my people. I am concerned about the welfare of children. I am concerned about the future of my dreams. I am concerned that I am sharing this nation. I am a daughter of a soldier. I was brought up to believe that my enemy was outside the country. not within. I am taught to fight to protect the border of my nation;; not within. I have been brought up to believe that you speak the truth. The only religion I know is this Flag.

जब मैं बचपन में थी तो मेरी मां ने मुझ कोहैं लोरी नहीं सुनाई थी ।

I woke up hearing the National Anthem I went to sleep hearing the National Anthem because in the Services we venerate the Flag, we venerate the Himalayas, we venerate the rivers of this nation. I have not learnt to discriminate an Indian against an Indian. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Shri Satish Pradhan. (*Interruption*) No; I have to finish it. I have called Mr, Satish Pradhan.

SHRI SATISH PRADHAN (Mhahrashtra):

Madam Vide-Chairman. this is mv maiden speech. Much is being said about and attributed to Shiv Sena inside the House as also outside. As one of the representatives of Shiv Sena in this august House. I would like to set the record straight and put the facts in right perspective regarding this Avodhya incident and Shiv Sena's views on this. I would urge upon you Madam, not to put my time limits and allow me to complete what I want to say.

Madam, many speakers have already expressed their opinion on Ayodhya incident in this House, but I somehow feel they are not on the right track. I am saying so because we are discussing what transpired in Ayodhya on 6th of this month. We are also discussing the past Ayodhya situation in the country specially the orgy of killings across the states.

My party, Shiv Sena is of the firm cpinnion that while discussing this Ayodhya agair it is necessary to go back to the historical backgrounl of this in order to understand the things in their real perspective.

We talk of Hindutva and stress the necessity to project and attain Hindutva but why? Hindutva is our word for what we call nationalism. By Hindutva we imply pure nationalism and nothing else. The media including newspapers and the public in general have not understood this correctly and hence lot of ill-will and misunderstanding.

Madam, I want to cite historical example. Mahatma Gandhi, Sardar Vallabhai Patel. Pt. Jawahar Lal Nehru, Barrister Modh. Jinha and Liyaqat Ali—they all and other fought the British empire unitedly with the Tri-colour in their hands. They all used to sing together the song. "Vande Mataram..." But it is very unfortunate that there are some people today who are refusing to sing "Vande Mataram..." Where will such people lead this Country to?

In the name of secularism, we are adjusting with such people as are insulting our nationalistic traditions and heritage. It is such acts of these people which are creating doubts in our minds about the intentions of such people.

Madam, In the country and abroad, cricket and hockey matches are played bteween Indian team and the teams from Pakistan. If India loses and Pakistan wins the match, there are some people in the country who distribute sweets and celebrate the defeat of our national team. When we see such behaviour of people in our own country, at times one wonders if we are living in India or Pakistan. And such pattern of behaviour and acts by some segments of our population vitiate the atmosphere and result in builling tensions among groups of people,

We are talkng about the demolition of disputed structure in Ayodhya on December 6. But it is astonishing to note that no one is willng to lalk about the history behind the dispute.

After Independence, we have destroyed many monuments and structures built in this country by the British rulers, Like one in Mumbai, the 'Kala Ghoda', the Black Horse with an English man riding on it It was one of the most beautiful works from archaelogical point of view which wa removed. In Delhi, the name of Willington Hospital was changed to Ram Manohar Lohia Hospital. Why did we do all this? To restore our sense of national honour and self-respect, When we see a road in Delhi named after Aurangazeb, who imposed 'Jijiya' Tax on Hindus, we suddenly get a sting of a scorpion bite.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Your time is over,

SHRI SATISH PRADHAN: No, Madam. I asked for ten minutes,

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): You have already taken 6 minutes, you have to conclude now.

ONE HON. MEMBER: अच्छा बोल रहे हैं, बोलने दीजिए ।

SHRI SATISH PRADHAN: अपने मुझे बोलने के लिए रोक दिया तो मैं रुक जाऊंगा। लेकिन जो विचार मैं व्यक्त करना चाहता हूं, जो विचार मैं सदन के सामने रखना चाहता हूं, वह रह जायेगें।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): The time is allotted according to the strength of the parites and this is all which is allotted o you. I am helpless in this matter, You have to conclude now.

SHRI SATISH PRADHAN: This is a question of tradition, (*Interruptions*) ..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Everybody's speech is impirtant. There is no question of comparative importance. This is queston of time, So kindly conclude witrin a minute, there is time constraint.

SHRI SATISH PRADHAN: I wish to draw your attention towards the large-scale violence that took place in Mumbai after the Ayodhya incident, I live in distrct Thane and there was not a single incident that took place in Bhiwandi of Thane district, considered to be a trouble-spot. I deliberately wish to highlight this to tell you why no incident took place in Bhiwandi. We had taken precautions so that such incidents do not happen there. I will request our Hon'ble members to ensure that adequate precautions are taken in their constituencies so as not to allow recurrence of such incidents.

Who was behind the riots in Mumbai? According to the statement given by the DCP. Mumbai, people were incited to indulge is violence, They were Mulla Maulvis. Tht DCP has also revealed that arms and ammunitions worth Rs. 50 lakhs had been smuggled into Mumbai and Thane districts from Pakistan. The Indian Express has also reported similar news or arms smuggling from Pakistan..

It is time we give a serious thought to these matters. What has the Central Government decided to do further in this matter?

In many of the mosques. the arms and ammunition are being piled up. We have brought this to the notice of the government on several occasions.

In the riots this time, police were fired at by people from he mosques in Mumbai. As a result many jawans and inspectors of police were killed. After this the police sought permission to fire in the direction of mosques, but the government refused permission. Till the last moment, permission was not granted by Police Control Room in Mumbai. As a consequence many police personnel have lost their lives.

Everyone must ponder over this particular point in Mumbai. I am not in a position to give you all the details due to paucity of time.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Now please sit down Mr. Pradhan, you have taken ten minutes, please conclude now.

SHRI SATISH PRADHAN: We should do some serious thinking on all this with a clam and composed mind. After the incident of December 6, there began the 'politics of revenge' After the incident of December 6, what was required to be done was not to find faults with BJP but to find a way out to avert the repercussions of the inciden. There are many intellectuals in the House. They should ponder on this subject. But, we are only trying to find faults with each other..

To dismiss the governments and to impose ban on some organisation is not a solution at all. Even to resport to firing is no solution. We are practising politics and vowing by Mahatma Gandhi. But we tend to forget that it was Mahatma Gandhi who beave the message of peace and non-violen-

ce. Mahatma Gandhi used to offer his other cheek if he was hit or slapped on one. But that too we have forgotten. People today think in terms of revenge.

Many leaders do make it a point to pay visits to the riot-effected areas. Here too, there are disparities. These visits as a matter of fact are confined to Muslim colonies only and not the ones inhabitated by Hindus. No leader goes to offer condolences or to express solidarity with the affected families in the Hindu colonies.

No one is really prepared to isten to the woes of Hindus. The net consequence of this wilful neglect of the Hindus by political eadership will result n a serious explsion and we may not be able tobearits impact. I only pray that this will not happen. And to avoid such athingwe must do something.

The Central Government is talking of rebuilding the Masjid at the disputed site. But this very government has not even mentioned about rebuilding of hundreds of temples destroyed by Muslims in Jammu and Kashmir. Let's all give a deep thought to the discriminatory treatment being meted out to the Hindus by his governmen in this country.

With these words I conclude.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTI NATARAJAN): Mr. Pradhan, please sit down. I am callin gthe next speaker. Mr. Gujral.

SHRI INDER KUMAR GUJRAL (Bihar): Madam Vice-Chairperson, I will not take long because I don't intend repeating here... (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTI NATARAJAN): May I have order in the House, please? Mr. Gujaral is speaking.

SHRI INDER KUMAR GUJRAL: I will not take your time, Madam, and that of the House is repeating what my hon. friends have said yesterday and today. The incidents of 6th December have put all of us, if in nothing else, in an introspective mood. We must think about it and come to some conclusion as to what happened. So far as the incident is concerned, I was reading in the Press today—I do not know if it is correct—that one of the hon. Ministers of the Government had the entire incident videoed for six hours. If it is videoed, I don't see any reason as to why the Ministry of Information and Broadcasting has not used it because that is something which the nation must know, what is right, what is wrong and what has happened. I think it is worth knowing. One of the interesting aspects reported in the Press is that the videotaping says, "the activities of the demolition-squad continued till 11.30 in the night," that is, the new structure that was put up was continued till 11.30 p.m. I would like the hon. Minister to tell us if what the Press has reported is correct or not. I am not also going to say as to why the Government was so gullible. They did accept the assurances given to it by the State Government. I hope the Minister, when he talks about the whole thing, will also let us know in detail as to what the agreement arrived at was, who the party to the agreement was, why the agreement was arrived at...

THE MINISTER O HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN): Which agreement?

SHRI INDER KUMAR GUJRAL: The agreement between the Government and the leaders like Rajubhai. And these two gentlemn are on record havign said that the agreement was on three points. I would like the Minister to tell us what those points are rather than my saying it. Anyhow, the main point is, as I said a while ago while talking about the fast of Shri Atal Bihari Vajpayee, that the riots that have taken place during the last week or so, are realy heart-shaking and nerve-shaking and particuarly to persons like me wo have lived through the 1947 riots also, it is a terrible thing to recall and remember those things. Mr. Atal Bihari Vajpayee, I am glad, has come

back to Parliament. Mr. Atal Bihari Vajpayee, while going on fast, had raised some very interesting points to which I would like to address myself. But before I come to that, I must say that I regard Mr. Atal Bihari Vajpayee as a person who is balanced, who has a background which makes him sober and he is one whom we all consider as one of the balanced public men. While giving his interview to *Eyewitness* yesterday, he has rightly called himself a 'liberal' and he said that a liberal leader like him is not alowed to address. I do not want to say what he meant by that. But I want to stress the word "liberal". He has rightly called himself a liberal and I think that is where I share an anxiety with him. In the present context, in the BJP, it is a liberal outlook that has been marginalised and that is why Mr. Atal Bihari Vajpayee sees himself as a marginalised person. He does not now make policies. He does not now decide as to what type of an alliance should be taken. He is not consulted because as the party goes on becoming more radicalised, men like him who are decent, men like him who are liberal, men like him who are balanced and men like him who have a world vision before them, feel that they are marginalised and I think that is where the point comes in. I think all of us who are discussing along with the BJP friends here, many of whom are very respectable friend sat the personal level also, when we are talking to them or talking about them, we must understand that a stage has come when the BJP has ceased to be a political party. It is now a front organisation, a Parliamentary ront—call it the RSS, call it the Sangh Parivar because the Sangh Parivar has reorganised itself on various fronts. They have a Students' Front. They have a front which deals with labour. They have a front, rightly so, and I have no objection to that. But these are not the BJP fronts These are the RSS fronts... (*Interruptions*) ...

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: I do not... (*Interruptions*) ... I do not agree with that.

AN HON. MEMBER: Who asked you to agree?

SHRI INDER KUMAR GUJRAL: The point to be kept in mind, therefore, is, is that which is now the Parliamentary Front. If it is a Parliamentary Front, it voices its decisions which are taken elsewhere and not by the leadership here and that, I think, should keep us anxious, if nothing more. Mr. Atal Bihari Vajpayee, in his interview *to Eyewitness* yesterday has also said that the RSS has now suspended its activities; therefore, those members of the BJP who are associated with the RSS should be released. I think that is where a big question mark-arises. What were those activities which had been suspended? What were the RSS doing that they had decide to suspend? Was it only the khaki knicker wearing? Wat it only the Sakha in the morning or was it something more iabolical than that? That is where I think we have to think in depth. I would like to ask my friends who represent the RSS here as to what is the philosophy of the RSS adn whether they have suspended that. Have they thought that the philosophy of division is no more valid? I think that is where the entire issue arises. I am not in favour of keeping the people in jail. I am not in favour of banning the parties. But, at the same time, there is such a thing as ntaional responsibility. The national responsibility is that the same freedom cannot be given to those who us freedom forums to try to domolish freedom itself. That is where all of us have to look at.

I am not happy ever to talk about Mr. Churchill. But I think here is something which makes me anxious because one of the very leading journals of the world. *The Economist*, has quoted Churchill as saying... (Time-bell rings) ... You will have to give me a few minutes. Churchill said, "India is a geographical term. It is no more a united nation than the Equator". The journal further says, "For the past 45 years the governments of Independent India have done their best to prove Churchill wrong". It further says:

"Does the destruction by Hindu zealots on December 6th of the 16th-Century mosque in the town of ayodhya

now mean those efforts have been in vain? Is secular India, ever proud to call itself the world's largest democracy, about to fragment along bloody lines drawn by race and creed?"

This is the question even the leading journals are posing to us. And that is the question, I think, we have to reply. And that is where the philosophy of the RSS again comes in.

Again it says: "All rational Indians..." —and I repeat—"All rational Indians, whatever their religion, should realise that secularism keeps their country on the safe side of the brink."

And that is where we have to think over it. The issue, therefore, Madam, to my mind is that the friends in the BJP or elsewhere may have any difference of opinion about secularism—I am not a votary of words; call it secularism, call it pseudo-secularism, call it whatever you like—but one question does arise: Whatever way we define, do we realise that India is a composition of diversities? Do we realise that in India people do have different faiths? Do we realise that in India we speak different languages? Do we realise that in India we have also different histories? The history of Tamil Nadu is not the same like the history of Punjab. We all have different histories. And if we are going to re-write history, what parts of history are we going to re-write? Are we going to re-write only what happened in the north of India? What shall we do with the history of the east of India? What shall we do with the history of the south of India? And what shall we do with the history of Kerala which was very bold and very courageous and very patriotic? These are the things which we have to ask ourselves. Editing history helps nobody. During my long tenure in Moscow, Madam, I have lived in a nation which does not exist any more. It may have been due to several reasons. But one of the reasons why the Soviet Union has broken up today is that they were editing history. Editing history has never solved any problem. And also they did not realise that cultures of different diversities have to be accommodated. They were trying to Russianise everybody—one language, one culture, and one way of life—and the result was what we have seen. That is where the question arises whether in India we want to co-exist or we do not want to co-exist. And if we want to co-exist, can we co-exist in any other fashion, in any other institution than the democratic equality? If democratic equality is not our commitment, then the question will arise: What is our objective? Do we want to keep India together? Do we want to keep India's diversities unified? And many in this House like me have participated in the freedom struggle. (*Time bell ring*) I am sorry, Madam, you have to give me sometime...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): We are running out of time, Mr. Gujral. You have already spoken for 10 minutes. You can now make your concluding remarks

SHRI INDER KUMAR GUJRAL: Madam, I was saying about the diversities of India that many people like me who had participated in the freedom struggle knew the vision of free India. And that was unity of diversities. It was not yesterday, it was not in 1947 when the Constitution was written that we thought of unity of diversities. We thought of unity of diversities in 1931 in the Karachi Congress session, we thought of unity of diversities in 1921 when Gandhiji took charge of the situation. We thought of unity of diversities in the time of Tilak and Gokhale. All that the history is saying is that we realise that we should keep all diversities together. We never talked of one language. We never talked of one culture. We never talked of one way of life. No. We have diversities. We have histories of diversities. And we have to keep them together. It is in this context, therefore, the question arises: What is the responsibility of the State? And what is the responsibility of all of us, who, in a way, constitute the State, whether we sit on this side or that side? In the midst of all these anxieties, I feel that we have very little options. And, I think, when you are launching a struggle today,

[Shri Inder Kufar Gujral]

it is not a struggle only to keep India together. It is also to think of what we have to safeguard. One of the things we have to safeguard is the image of India abroad. It has taken us fifty years to build that image, and since I had the privilege of representing India both as an Ambassador and for some time as the Foreign Minister of this country, I would like you to kindly keep in mind as to how the others are looking at us. I am not talking of Pakistan; you can ignore it. How is the West looking at us? How is China looking at us? How is Japan looking at us? How are the Buddhist countries looking at us? I will not quote the newspapers and the periodicals because I think all of us read them. But I think the image of India is to be kept in mind. I therefore urge particularly those who believe in Shri Atal Bihari Vajpayee and not in the RSS; Atal Bihari Vajpayee school, is different from the RSS school, because he calls himself liberal. Therefore, those in the BJP who believe in liberalism, who believe in coexistence, who believe in equality and democracy must sit back and think as to what type of India we are trying to make, and whether we are really fed up with our freedom, whether we think that we had enough of freedom and let us give it up, and have we now come to a stage when we think that we must go back to the dark ages when a unified India cannot be sustained? These are the questions which I think my friends in the BJP must answer.

I will take only one more minute to say and to address myself to the Government. I will not take time to recall where the Government has failed because the Government has failed because the Government has failed this is a fact. I was looking at my own utterances in this House. I will not re-read it. On the 3rd of December when my hon. friend. the Home Minister had made a statement, I had told him even at that time not to be so gullible, not to get taken in, and here is something that I had told him even at that time that his statement was very pathetic. He did not like my saying so but I like now whan he looks back, he must be agreeing that he did make a pathetic statement. He tried to give a certificate that Mr. Advani had said the right thing and we must not misunderstand him. I had said-at that time—give me half a minute to say so—"What has another friend of ours, Mr. Joshi, a Member of this House, the President of the party" —and I am quoting again—"a highly responsible man said? He has very categorically stated that Sadhus are above law Has the Government taken note of it? what does it mean? He has given a clear warning and if you do not listen to that, how do we realise that the Government has really discharged its duties?" Activities of their people at that time continued till late in the night.

[The Vice-Chairman (Shri V. NARAYANASAMY) in the Chair]

The Government was paralysed, and I do not know what should one say if the Government gets paralysed in the crisis. I am not using harsh words because I am not given to it. But I am only reminded of one Urdu couplet and I will close with that. The poet had said:

न इधर-उधर की तू बात कर,
ये बता कि कारवां क्यों लुटा

हमें राहजनों से गिला नहीं,
तेरी रहबरी का सवाल है ।।

**श्री आनन्द प्रकाश गौतम** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, दो दिन से यह सदन 6 तारीख की घटना पर विचार रख रहा है। इस देश के तमाम लोगों ने और सदन में बैठे विभिन्न दलों के नेताओं ने निश्चित रूप में इस घटना की निंदा की है और 6 दिसम्बर, 1992 को जिन लोगों के द्वारा इस प्रकार की घटना घटित होने के लिये वातावरण तैयार किया गया, वे स्वयं ही इस बात को मानते हैं कि यह घटना गलत हो गई। केवल गलत को गलत कह देने से बात नहीं बनती। इसके पीछे अगर हम देखें तो निश्चित रूप से उनकी साजिश इस प्रकार की रही होगी कि जिस संविधान की कसम

खा करके हम लोग इस सदन में आये हैं उस संविधान के रचियता बाबा साहेब डाक्टर अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर वहां पर कार सेवा होगी, पूजा-अर्चना होगी और देश के कोने-कोने से तमाम लोगों को वहां पर इकटठा करना, निश्चित रूप से यह प्रमाणित करता है कि उनकी सुनियोजित साजिश रही होगी कि हम इस देश के संविधान को नहीं मानते। आज यह सवाल केवल हमारे देश से संबंधित सवाल नहीं है, यह पूरे विश्व की मानवता को प्रभावित करता है, आज का प्रश्न है। किसी भी देश में जहां लोकतंत्र की एक मिसाल कायम है विश्व में, वहां पर कानून का शासन रह पायेगा या नहीं रह पायेगा, इंसान के मानव अधिकार सुरक्षित रहेंगे या नहीं रहेंगे, ऐसा वातावरण इस देश में पैदा करने के लिये कौन जिम्मेदार है, हम सब लोग इस पर विचार कर रहे हैं। जिस प्रकार से हमारी केन्द्र की सरकार उन लोगों पर यह जिम्मेदारी सौंप रही थी कि किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत होने से वह बचाये, उनके धार्मिक स्थल को कोई नुकसान न पहुंचे, यह जिम्मेदारी भारत सरकार उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार की जिम्मेदारी पर छोड़कर निश्चित हो करके बैठ रही थी, जबकि वह बार-बार यह कहते थे कि हम कारसेवा करेंगे, मंदिर वहीं बनायेंगे, इस प्रकार की बातें पूरे देश में फैली हुई थी। जो उन्होंने अपना बयान हलफी अदालत के सामने मुख्य मंत्री जी ने दिया था, उसमें माननीय गृह मंत्री जी ने जो बयान दिया है उसमें आया है कि--राज्य सरकार ने आगे कहा है कि कुछ धार्मिक अनुष्ठान करने के लिये कारसेवा एक प्रतीकात्मक अवसर होगा, जिसका दुरुपयोग किसी निर्माण संबंधी गतिविधि को चलाने के लिये नहीं करने दिया जायेगा।

मैं कहना चाहता हूं कि जो बयान हलफी दी थी कि विवादित स्थल पर कोई निर्माण नहीं होगा, लेकिन वह बाहर बार-बार यह कहते थे कि हमने निर्माण की बयान हलफी दी है, विनाश की बयान हलफी नहीं दी कि हम कुछ भी बिगाड़ सकते हैं। ऐसी कोई बयान हलफी दे करके हमने अदालत के सामने कोई वायदा नहीं किया था। इस प्रकार की बातें वह कहते थे। लेकिन हमारी भारत सरकार शायद यह समझती थी कि हम उनको जिम्मेदारी देकर के उसको वह पूरा करेंगे। लेकिन जो देश के रहने वाले साधारण नागरिक हैं वह लोग भी यह समझते रहे थे कि जो स्वयं उसको नष्ट करने के लिये कसम खा चुका हो, संकल्प ले चुका हो और उसी को हम उसकी जिम्मेदारी दे रहे हैं। कहावत है कि किसी आदमी ने प्लेट भरकर जलेबी रख दी और कुत्ते से कहा कि इसकी रखवाली करना। जबकि वह उसके नेचर से वाकिफ है, उसके कार्य-कलापों से वाकिफ है कि वह ऐसा कैसे कर सकता है। (व्यवधान) यह कहावत है। जायसवाल जी ने उसको दुरुस्त कर दिया। मेरे कहने का मतलब यह है कि जो उसके चरित्र से जानकार हो, उसके करेक्टर को जानते हों और उसी पर हम निर्भर करें तो यह लगता है कि कहीं न कहीं कोई साजिश आपस में जरूर रही होगी। दूसरे, यह भी लगता है कि हमारी केन्द्र की सरकार की इसमें कहीं न कहीं आपस के समझौते की बात जाहिर होती है। जब आपने उसको अधिगृहीत कर लिया और उसके बाद बराबर यह आया है कि उसके 36 घंटे तक कारसेवा जारी रही, तो आपने उसमें कौन-सा काम किया? निश्चित रूप से आप उसको बचाने में असफल रहे हैं। इस दुष्परिणाम से हम लोगों की भावनायें आहत हुई हैं, उससे सारा देश आज सांप्रदायिकता की लपटों में झुलसने लग गया है देश के किसी न किसी कोने से रोज इस बात की खबर आती है कि एक बहुत बड़ी घटना घट गई, कुछ लोग लोग आहत हुये, कुछ लोग मारे गये, कुछ बेगुनाह मारे गये, निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं। इसकी जिम्मेदारी किस

[श्री आनन्द प्रकाश गौतम]

पर है ? हमारे भाजपा के साथी बार-बार बाहर ये भाषण देते हैं कि बाबरी मस्जिद के स्थान पर मंदिर रहा होगा, वहां पर राम लला की मूर्ति थी। मंदिर गिराकर मस्जिद बनाई गई है इसलिये वह वहां पर मंदिर बनाना चाहते हैं । मैं उन लोगों से कहना चाहता हूं कि क्या इतिहास की गलतियों को दोबारा दोहराया जायेगा, हम उसका बदला लेंगे ?

महोदय, इतिहास में इस प्रकार की भी घटनायें हैं हमारे ही देश में जब हिन्दू राजाओं के राज्य में बौद्ध मंदिरों को गिराया गया, बौद्धों का सिर काटने के लिये हिन्दू राजाओं ने आदेश दिये थे और इनाम देने की बात कही थी। क्या उस इतिहास को हम दोहराना चाहते हैं ? इससे काम नहीं चलने वाला है । शैवों और वैष्णवों में भी आपस में टकराहट होती रही है लेकिन आज उसका बदला चुकाने का अवसर नहीं है ।

हमारा देश एक धर्मनिरपेक्ष चरित्र का देश है। क्या हम उस चरित्र को बचा पायेंगे, क्या हम एक दूसरे को एक साथ जोड़ पायेंगे, आज इसका सवाल है । किस प्रकार से हम करें? कानून से, भावनाओं को बदलकर, दिलों के जख्मों पर मरहम लगाकर, कैसे करें, आज यह सवाल उठा हैं । मैं यह कहना चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार के गृह मंत्री ने जो बयान दिया है, उसमें उन्होंने कहा है कि सरकार इस बात का प्रबंध करेगी कि गिराए गए ढांचे का पुर्ननिर्माण हो । सरकार ने निर्णय लिया है कि राम मंदिर का निर्माण करने के बारे में उचित कदम उठाए जायेंगे। लगता है कि यह भी कुछ हवा में बात हो रही है। कैसे बनायेंगे मंदिर, कैसे बनेगी मस्जिद, इसका कोई नक्शा, कोई योजना बनी है ? कहां बनायेंगे ? कौन सी जमीन पर बनायेंगे, वह जमीन सरकार की है या नहीं है, क्या करेंगे ? एक हवा उड़ा दी। जब इस बात की पूरे विश्व में और पूरे देश में निंदा हुई कि केन्द्रीय सरकार भी अपने कर्तव्य में पूरी नहीं उतरी, संविधान को बचा नहीं सकी, न्यायालय के आदेशों का अनुपालन नहीं करा सकी, चारों तरफ से बदनामी हुई, यहां तक कि सत्तारूढ़ दल के अंदर भी यह आवाज उठी कि सरकार ने गलती की है तो सरकार ने एक और नाटक रचा और हमारे भाइयों से कहा कि अविश्वास का प्रस्ताव लाओ ताकि विश्वास की दृढ़ता बन सके। क्या होना है सब जानते हैं कि यहां पर पार्लियामेंट में घोषणा हो जाएगी कि पूरे के पूरे लोग विश्वास करते हैं नरसिंह राव जी के नेतृत्व में। यह इस सरकार की एक साजिश सी लगती है। तो इससे काम चलने वाला नहीं है (समय की घंटी) चूंकि बार-बार घंटी बज रही है इसलिये मैं अपनी बात को दो-तीन मिनट में खत्म कर दूंगा।

आज जो परिस्थिति पैदा हुई है, मेरा कहना है कि अगर हम पुराने इतिहास को देखें तो हमारे यहां ऐसा इतिहास रहा है कि मस्जिदें हिंदू लोगों ने बनवाई और मंदिर मुसलमान लोगों ने बनवाये हैं । मैं आपको एक छोटा सा उदाहरण देता हूं। अयोध्या से मिला हुआ जिला बाराबंकी है, वहां पर देवा शरीफ एक ऐसा वाजिद अली शाह का मजार है जिसे हिन्दू राजा ने बनवाया। कन्हईपुर एक ऐसा गांव है जिसमें कार सेवकों द्वारा वहां के घर जला दिये गये । वहां दो मस्जिदें हैं और एकाध हिन्दू वहां मुश्किल से होगा, पचासों घर मुसलमानों के हैं। वहां के एक मुसलमान ने अपना पूरा मकान देकर एक भव्य मंदिर बनवाया है, जिसे हम लोग अभी देखने गये थे । ऐसे-ऐसे उदहारण हमारे देश में रहे हैं लेकिन आज धार्मिक उन्माद को फैलाकर राजनीति की रोटी को सेंकने वाले लोग इस देश में उत्पन्न हो गये हैं जो किसी न किसी तरह से सत्ता प्राप्त करके पुराने यथास्थितिवाद को लाना चाहते हैं जिससे लोगों में अशांति और घृणा का वातावरण पैदा हो । ऐसी चीजें वह पैदा करना चाहते हैं।

मैं यह कहना चाहता हूं कि ऐसे वातावरण को समाप्त करने के लिये अच्छा तो यह होता कि केन्द्रीय सरकार मस्जिद-मंदिर नहीं बनवाती बल्कि भारतीय जनता पार्टी के लोग आगे आते और वह कहते कि हमसे गलती हुई है, प्रायश्चित के रूप में हम मस्जिद बनवायेंगे, तब घाव भरते लेकिन वे शायद इस रास्ते पर नहीं आयेंगे । तो मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी जो केन्द्रीय सरकार है उसको कम से कम इतना तो करना चाहिये कि कानून के दायरे में एक न्यायिक जांच आयोग बैठाना चाहिये ताकि यह निश्चित हो सके कि देश भर में जो दंगे फैले हैं उसका जिम्मेदार कौन है और अगर यह प्रमाणित हो जाय कि यह किसकी जिम्मेदारी है तो उसको किस कानून के अन्तर्गत सजा दी जायेगी यह भी निश्चित करना चाहिये ।

अन्त में एक और बात कहकर मैं अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं कि जो वर्तमान परिस्थितियां हैं उनमें सैन्य बल, पुलिस बल और जो भी बल हमारे पास मौजूदा हालत में हैं, इनसे ये जो दंगे उठ रहे हैं ये समाप्त होने की स्थिति में नहीं है । आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार एक ऐसा दंगा निरोधक दल बनाये जिसमें समाज के सभी वर्गों का आनुपातिक प्रतिनिधित्व हो, समाज के सभी लोग उसमें शामिल हों और उसका उपयोग दंगों को रोकने में किया जाये और एक अच्छा सा वातावरण पूरे देश में बनाया जाय और एक दूसरे से मिलकर, जगह-जगह जाकर, अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर हम लोग बात करें तभी इस प्रकार की घटनाओं को रोक सकेंगे ।

मुझे विश्वास हैं और मैं आशा करता हूं कि सरकार इसमें खुले मन से सामने आयेगी । सरकार की लुकीछिपी वाली बातों से काम नहीं चलेगा और यह नहीं चलेगा कि आप सत्ता में बने ही रहें या न बने रहें क्योंकि आज प्राथमिकता देश को बचाने की है, सत्ता को बचाने की जो हमारी प्राथमिकता है इसको हमें पीछे धकेलना पड़ेगा । इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं । धन्यवाद ।

3.00 P.M.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Shri Bhupinder Singh Mann. The time for each Member is about five minutes. You try to conclude within that.

श्री भूपेन्द्र सिंह मान (नाम–निर्देशित) : उपसभाध्यक्ष महोदय, हमने अपने आप को संविधान दिया हैं जिसमें यह कहा गया है हैं कि हम सैक्युलर रहेंगे और हर एक देशवासी को यहां जीने का अधिकार होगा, स्वाभिमान के साथ हर एक को यहां रहने का अधिकार होगा; हर व्यक्ति के बजाय सारे समूह जो धर्म के नाम पर जो समूह हैं उनको भी जीने का अधिकार इसमें हैं । लेकिन जो स्वाभिमान की प्रतीक यहां चीजें जिनमें बाबरी मस्जिद एक प्रतीक बन गया था मुसलमान समुदाय के स्वाभिमान का, उसको गिराने के लिए जो यहां कहा जा रहा हैं कि कुछ लोगों को विश्वास दिया गया था उन विश्वासों को तोड़ा गया हैं । लेकिन बी.जे.पी. तो इलेक्शन ही इस बात पर लड़ी थी कि वह मंदिर बनायेंगे, तो क्या इसमें शक था कि मंदिर बनाने के लिए कौन सी जगह होगी ? जब मंदिर बनाने के लिए विधान सभा की इलेक्शन लड़ी गई थी उस बात से इस बात की नींव नहीं रखी गई थी कि मस्जिद गिराई जाएगी ? उस वक्त इस देश का कानून, इस देश का संविधान जिसमें सेक्युलर का शब्द हैं, वह कहां गया हुआ था, वह कहां छिपा रहा ? मैं समझता हूं कि इस संविधान के शब्दों के अर्थ अब तक हम सब एक जैसे नहीं समझ पा रहे हैं । कुछ लोग सेक्युलर शब्द का अर्थ अपने तरह से, अपने मतलब से लगाते हैं। जो उनको अच्छा लगता हैं वह लेते हैं । एक ही शब्द का मतलब हम अलहदा अलहदा

[श्री भुपेन्द्र सिंह मान]

तौर पर ले रहे हैं। क्या सरकार के तौर पर सेक्युलर शब्द का अर्थ एक है ? यह अलहदा अलहदा है। कांस्टीट्यूशन का शब्द का मतलब अलहदा अलहदा है तो मैं समझता हूं कि संविधान जो हमने अपने आप को दिया है, इतनी बेरहमी से उसका निरादर किया गया है, उसको तोड़ा गया है, उसकी पालना नहीं की गई। हमने धारा 51 में यह कहा है कि हम विधान को पूरे तौर पर मानेंगे। अब सवाल यह उठता है कि जो लोग इलेक्शन का प्ली लेकर यह कह रहे थे जिसका मतलब यह था मस्जिद तोड़ेंगे। जिनके शब्द यह थे कि हम मन्दिर बनायेंगे। किसी का गला नीचा करके अपना स्वाभिमान ऊंचा करना इस विधान में नहीं है। हां, हम खुद अपने में स्वाभिमान हैं, सेल्फ रिस्पेक्ट रखते हैं लेकिन दूसरे का गला नीचा करके नहीं। ऐसा सेल्फ रिस्पेक्ट इस विधान का असूल नहीं है, ऐसा मैं समझता हूं। कोई भी पार्टी चाहे वह ऐसी हो जिसने इलेक्शन नहीं लड़ना हैं या ऐसी जिसने इलेक्शन लड़ना है उसके संबंध में साफतौर से हो जाना चाहिए कि जो पार्टी की विधान की धारा को एक चित्त से नहीं मानती उसको विधान को यहां बाहर इधर-उधर करके उसके शब्द को मान लेने का कोई अधिकार नहीं है। महाराष्ट्र में शेतकारी संगठन ने हिन्दू शिव सेना को डिरिकोगनाइज्ड किया जाए एज ए पालिटिकल पार्टी यह इलेक्शन कमीशन को रिट पेटीशन दायर की। यह कहा कि यह एक कम्युनल पार्टी हैं। वह ऐसी बातें करती है जिसका विधान के साथ संबंध नहीं है। उसका अभी तक कोई निर्णय नहीं हो पाया। इससे विधान कमजोर पड़ रहा है दिन प्रति दिन कमजोर पड़ता जा रहा है और कमजोर पड़ने की वजह से जो विधान की विरोधी ताकतें हैं वे सिर उठा रही हैं। यह सरकार का फर्ज है कि वह विधान की बात करे न कि वोट की बात करे या कमजोर की बात करे। किस को कौन सी अच्छी लगती है, कौन सी बुरी लगती हैं यह सरकार का कर्तव्य होता है। सरकार र या न रहे विधान रहना चाहिए। य सरकार का कर्तव्य होना चाहिए। लेकि अगर सरकार का मुद्दा यह है कि सरकार रहे विधान रहे या न रहे तो मैं समझता हूं हम जो सब यहां बैठे हैं, उसके बारे में सोचते हैं उनके लिए भी यह जिम्मेदारी हो जाती है कि वह देखे विधान रहेगा तो हम सभी हैं। अगर विधान है तो एक सरकार नहीं है तो दूसरी सरकार आयेगी या तीसरी सरकार आयेगी। अगर विधान नहीं रहेगा तो सरकारें भी नहीं रहगी और हम जिस शक्ल में यहां बैठे हैं यह भी नहीं होगा।

कार सेवा के शब्द अपने आप में कार्य करने का शब्द है। उसमें हाथ से काम करने का शब्द है। उसका मतलब ही यह है। क्या मतलब है यह मानने का अच्छा लगता है। कार सेवा का स्पष्ट मतलब यह है कि हाथों से काम करना, स्वयं सेवी तौर पर काम करना, बिना पैसा लिये काम करना। क्या कार सेवा जो वहां होनी थी उसके लिए हमें पता नहीं था कि क्या होने वाला है। स्पष्ट था कि जो कह रहे थे कि हमें कार सेवा करनी है, कार सेवा में हमने मन्दिर बनाना है। कहां बनाना है स्पष्ट था कि मस्जिद गिराकर बनाना है। इस संबंध में सरकार विधान को बचाकर रखने में असफल रही हैं। इस बात को सरकार को बिल्कुल स्पष्ट तौर पर मानना चाहिए और जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि हां, हम विधान को बचाने के लिए, विधान की रक्षा करने में बुरी तरह फेल हुए हैं इस फेल्योर की जिम्मेदारी लेते हुए यह कहना चाहिए कि क्योंकि हम बचा नहीं सके इस विधान को इसलिए जो बचा सकता है वह आगे आये। इन हालात में कितने दंगे हुए जगह-जगह दंगे हुए, बहुत दर्दनाक घिनौनी हालत पैदा हुई, रोंगटे खड़े करने वाली बातें की गई। उसकी जिम्मेदारी क्या उन लोगों पर दोगे जो आपस में लड़ मर रहे थे मैं समझता हूं यह जिम्मेदारी उन लोगों की है जिन्होंने ऐसा माहोल पैदा करने होने दिया जिनसे लोग लड़ते-मरते रहे और हमारी ताकत बनती रहे। हमारी सरकार चलती रहे। यह वही कलोनियम रिजिम की पालिसी आगे बढ़ रही है जिसमें अंग्रेज कहता था बांटों

और राज करो। अगर सिख और हिन्दू बांटे जा सकते हैं और आपरे न ब्लू स्टार कर दिया जाए इसमें कोई हर्ज नहीं है बस सरकार बनी रहनी चाहिए। अगर मस्जिद गिराकर हिन्दू और मुसलमानों को बांट दिया जाए तो कोई हर्ज नहीं हैं हमारी सरकार बचनी चाहिए। यह कनालियम रिजिम की नीति नहीं चलनी चाहिए। यह दश भारतवासियों का है, यह दश यहां के देशवासियों का है। अगर ऐसी सोच रहेगी तो यह सोच हमें आगे जाने नहीं देगी।

जिस देश के लिए हम यह कहते थे कि बाकी सभी जो परम्परायें हैं उनसे हमारी परम्परा ऊपर हैं, हमारा देश सबसे ऊपर है और इसीलिए हम यह कहते थे कि——

मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना।
हिन्दी हैं हम, वतन हैं हिंदूस्तां हमारा।

तो इस बात को कहने के लिए, मन में उतारने के लिए, सच मानने के लिए, इसमें पोलिटिक्स और वोट की राजनीति को छोड़ कर असली वोट की राजनीति करनी है तो इकनोमिक मुद्दों पर आइये। करो आर्थिक मुद्दों की बात और जो असली मुद्दे हैं उनकी बात करो। क्यों देश में कम्यनल मुद्दों और वोट की राजनीति करते हो। इसलिए मैं समझता हूं कि विधान को बचाने के लिए जो फेल हुए हैं, जो फैल्योर हुई है, इतना घोर अन्याय हुआ है विधान के साथ, हमने विधान के प्रति जो शपथ खाई है, यहां आकर खाई है, उसका सम्मान करना चाहिए। जो लोग विधान को बचा नहीं पाये हैं, मैं समझता हूं कि उन्हें फिराक दिली से कह देना चाहिए कि हम विधान को बचाने में फेल हुए हैं, जो विधान को बचा सकता है बचा ले। इस देश की हालत ऐसी हो गई है कि हम विधान को नहीं बचा पाये हैं। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आखिरी बात कह कर यह कहना चाहता हूं कि सरकार का एक अंग पुलिस है जो दश में कानून और व्यवस्था को लागू करती है। हमें पता चला है कि पुलिस फोर्सेज में भी कम्युनल फोर्सेज जगह-जगह पर आ गई हैं। जिस विधान की हम बात करते हैं उसके तहत ये दश की सेवा कर रही हैं। उनमें भी अगर ऐसी बात आती है तो इन कम्युनल फोर्सेज को कड़े हाथों से लिया जाना चाहिए और इस देश को बचाना चाहिए। इन शब्दों के साथ फिर मैं आखिर में कहना चाहता हूं कि जो लोग सेक्युलेरिज्म की बात छोड़ कर यहां आते हैं, उनके मन में सेक्युलेरिज्म नहीं है, लेकिन फिर भी वे सेक्युलेरिज्म का मुखौटा पहन कर यहां बैठते हैं उनको पहले ऐसा नहीं करना चाहिए, लेकिन फिर भी वे ऐसा करते हैं। कम से कम विधान और कानून का डर तो नहीं होना चाहिए। विधान निरभव है, निडर है और निर्भय होना चाहिए। उसको किसी के साथ डर नहीं होना चाहिए। उसके लिए सभी एक होने चाहिए। विधान ऐसा होना चाहिए कि जैसे वह परमात्मा का प्रतीक हो। उससे किसी का भय, डर और विरोध नही होना चाहिए। ऐसे विधान को हमें आदर, मान और सत्कार देना चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं यहां पर सभी बैठे हुए सदस्यों को धन्यवाद देता हूं जो आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR (Nominated): I have gone through the statement made by the hon. Home Minister. To my utter surprise the statement is a bundle of contradictions. On the one hand the statement says 'to protect the federal structure of the Constitution the Government has been inactive' and on the other hand after the 6th December incident, the Government says that 'it has no option but to act'.

SHRI N. K. P. SALVE: What is the contradiction?

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR: The contradiction is that right from 22nd November, not one State, but, if my information is right, nearly three States along with all three intelligence agencies, had stated before the Home Minister that the *kar seva* on the 6th was not going to be peaceful.

[Shri Prakash Yashwant Ambedkar]

Some of the States, which I would not like to mention, had gone further and stated that the plans had been prepared. Ultimately on the 6th of December what we saw was that the information given by the State Governments and the intelligence departments was put into action by the RSS-BJP combine. Then, we find that the Government is in panic. The Government say that they want solidarity. I do not know what kind of solidarity they want. I will not deal with that incident because according to me that is a past matter. The wishes and the minds of the people have been divided. The religious minorities in this country re feelng afraid. If we see after the 6th December incident, not even a single minority religious leader has said anything except condemning it They have come forward making an offer: "Look here, Government, we are ready to offer you our support." They are keeping silent. I say silence is the best answer or silence is speaking itself.

Mr. Vice-Chairman, I will address myself to what lies ahead. That is one of the most important things. Some of the honourable colleagues have referred to 6th December and why they have chosen that date. I find there is a rationality in its. Let us first understand what the RSS ideology is. Unless and until we understand the ideology of the RSS, we will not be in a position to achieve or save democracy which we want.

I am saying this because I am from that school of though which all along has been fighting and resisting the forces which are represented by the RSS combine. I am not against any community. I am not against any caste. What we have been fighting now and what my grandfather had said in the Cosstituent Assembly was we are going to face a life of contradictions. He said: "In the political arena we might have equality". But what we are concerned with today are the social inequalities which continue in this country. I will not go into the incident, how it has happened and why they have taken this stand. The ideology of the RSS is basically what I call Brahminism. I am not against the Brahmin community nor am I against the power and the prestige which goes with the Brahmin community. But what I understand by Brahminism is a negation of sovereignty, equality and brotherhood. What is the basis of Brahminism? The basis of Brahminism is the *manu smriti*. *Manu smriti* is in the heart of tre RSS. The reason for choosing 6th December was on this day this country had laid the architect of the Constitution to rest. It is on this day the Parliament pays homage to the statute which is placed outside the Parliament. On the one hand, we were paying our homage to the architect of the Constitution and on the other hand, the RSS wanted to make it a day of rejoice. This has been a contradiction and that is why they have chosen this date. This is their ideology and this is what we have to fight. We have to basically understand that these are anti-democratic forces. As they are anti-democratic forces, they are not going to listen to your Parliament. They are not going to listen to your courts. They are not going to listen to any sort of agreement that you are going to make because they want to use this Parliament, this democratic process, for coming to power. We might be able to corner the BJP in this House. But let me tell you, outside this Parliament, we have been cornered by the BJP. That is the reality. And that reality has come about, as I have been mentioning in this House quite often, because the generation that is born after Independence has no line of thinking. It has been indoctriated by the BJP-RSS line of thinking. It is time that action was taken. I would like to know from the hon. Home Minister, in the wake of the forces they are usin, in the wake of the anti-Muslim stand which they are using to unite Hindus, in the wake of their using the places of worship for their plans, whether the Government is going to place all the archaeological records of Ayodhya, of Varanasi, of Mathura, before this House so that we may know what exactly the position is. Unless and until we

know the archaeological position, people are going to be carried away because there were temples. History tells us that there were temples. And, if we are not able to say what kind of temples were there—whether they were temples which belonged to the Jains, whether they were temples which belonged to the Buddhists, whether they were temples which belonged to the Charvaks —with the kind of preaching, with the kind of tactics which they are using, they may be able to succeed. I appeal to the hon. Home Minister to look into this. They have been talking about Mathura; they have been talking about Kasi. The Archaeology Department had made a survey. Their reports should be placed before the House.

Sir, I come to the last part of it. Today, the communities are divided. With the Hindus on one side and the Muslims on the other side, they are divided. There is no dialogue going on between them. We were hoping that the Prime Minister would take a lead and ask these communities to sit together and at least think over what has happened in the past. But what we have seen is, nothing has been done. If I refer to some of the speeches that have been made by the Ministers, I have only one line to draw from them. If all these Ministers had the information as to what was going on and what would happen and what we hear from the press is true, then we stand over here accusing the Prime Minister of being a party to what has happened on the 6th of December. I do not know what the Minister or the Ministers want to say or convey. But if that is so, I feel that the Prime Minister has on option. In the teachings of Buddha, there is one Angulimal who said that whoever passed by him would be murdered. Either the head or a finger of the murdered would be tied round a string. Angulimal used to hang that string round his neck and say, "Look here, these are the people I have killed." I am afraid the Prime Minister is sitting on two riots. One is of 1984 in which nearly 3000 people, Sikhs, were killed. And today, after the 6th of December, when nearly 2,000 people have been killed, I may say that Angulimal was lucky enough to find Buddha who preached him that the humanity is the most important thing and he left that path. I hope that the Prime Minister will find some Bhuddha who will say, if the nation has to be saved, he must resign. Thank you.

PROF. SAURIN BHATTACHARYA (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, had I not represented a party, albeit a small one in this House, perhaps, I would have foregone the humiliation of speaking in the manner in which many of us who belong to smaller groups of all parties have to speak. But so far so good. Now the point at issue is that what happened on the 6th of December at Ayodhya showed that both the sides—meaning the *Sangh Parivar* and the Central Government including the Prime Minister, the Home Minister and others—the Prime Minister with his unsparing efforts in the language of the Home Minister, the Home Minister in his usual communicative way by letter diplomacy —came out with flying colours. The *Sangh Parivar* came out truly in flying colours because of the fact that the ambition of their life was fulfilled when they brought down Babri Masjid at Ayodhya. It was for this that they had been fighting so long with deceit, with fraud and with violence unmitigated. Only today there is a news item in the press that it was in the knowledge of the Home Minister that trained people were going to Ayodhya to bring down the Babri Masjid and on the 1st of December, the Home Minister addressed the Chief Minister of Uttar Pradesh stating: "We have with us a very disturbing report that the experienced people are flocking to Ayodhya in order to bring down the Babri Mosque. Please take action so that it cannot happen." During these five days, many more letters went but there was calculated defiance and indifference on the part of the Uttar Pradesh Chief Minister who is

[Prof. Saurin Bhattacharya]

a part of the *Sangh Parivar.* Then, when this demolition took place, perhaps, my good friend, Mr. Sikander Bakht, the Leader of the Opposition in this House was not there nor the "Fast unto death" leader of the BJP, a very well respected leader in many parts of the country and in Parliament also, Mr. Atal Bihari Vajpayee. Mr. Lal Krishna Advani, our esteemed Member, Dr. Murli Manohar Joshi, the President of the BJP, Ashok Singhal, the Joint Secretary of the VHP, Vinay Katiyar and others, were all present, some to applaud, some to sit through silently. This has been their role on 6th December 1992 at Ayodhya. The secularism in India was given the worst hit by the *Sangh Parivar* Secularism has no meaning for them. I think, Mr. Bhupinder Singh Mann was very correct when in his blunt way he put the question to all of us, how these parties which did not make any secret of their intentions have been allowed to take their seats in the Legislative Assemblies, in Parliament and form Governments because their communalism is opposed to the Constitution. Who gave them the power to have such rights? This is the moot question. That is a national failure. That is a national lapse. Side by side, no party was free. If kar seva is not legal, how can 'symbolic kar seva' be legal? If kar seva should be symbolic, why was it not made clear by the Supreme Court that kar sevaks should be in token number, not in hordes, not in multitudes, not in lakhs. Our Home Minister waits till lakhs of kar sevaks assembled there. This is of no use. Even 195 battalions of paramilitary forces assembled there. They were not allowed to function, they were not asked to function, they were not asked to raise a single finger in order to defend the Babri Mosque. Here, the two sides were equally at fault, but, for the moment, the BJP with its rampage in the midst of communal riots all over the country which has just subsided but not routed out should be opposed. It is our first task to oppose the BJP and its politics and also to warn the Congress Governments that they will have to go away together with the BJP as an accomplice of this monstrous action that has taken place on that faithful day. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Shri Jagmohan. Your time is only five minutes.

SHRI N. K. P. SALVE: Sir, when do we expect the Home Minister to reply?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): There are six or seven speakers left. Therefore, each one will be getting five minutes.

SHRI S. B. CHAVAN: What is the total time allotted for this debate?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): The total time allotted is six hours.

SHRI S. B. CHAVAN: It is almost ten hours. Everybody who is presiding there goes on adding three or four names. I don't know... *(Interruptions)*....

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Sir, it is an aspersion on the Chair. It is the right of the Chair to allow the Members to speak.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): Sir, I am repeating, if the Home Minister is going to reply at 4.00 P.M...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): If all the Members cooperate with me, it will be easy for me to ask the Home Minister to reply at 4 O' clock......

SHRI S. B. CHAVAN: You have to ask the Members to restrain.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): From my side I find the Chirman in the morning said that the allotted time was six hours and Members who had not spoken last time when their party-Members spoke will be allowed to speak. Now Independent Members are speaking and from som parties some names are there; I will consider them and if the time is permitted, I will allow them to speak.. ..(*Interruption*)....

SHRI B. V. ABDULLA KOYA (Kerala): Sir, some Members are deprived of speaking.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Koyaji, your name is there. You will be called.

**श्री ईश दत्त यादव** (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है। मेरा निवेदन है कि इस देश में इससे बढ़ करके, जो छह तारीख को घटना हुई, उसके बाद हुआ, ऐसी भंयकर घटना कभी नहीं हुई होगी और भगवान न करे कि इस तरह की दुबारा कोई घटना हो।

देश के सामने और संसद के सामने यह गम्भीर प्रश्न बना हुआ है कि इस देश में जनतंत्र रहे कि न रहे। इस लिये मेरा निवेदन है कि जो माननीय सदस्य इस पर अपनी राय जाहिर करना चाहते हैं, सबको बोलने का आप अवसर दें, भले हीं पांच मिनट दें।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहता हूं कि चेयर पर आप बैठे है, आप विराजमान हैं। चेयर की एक मर्यादा होती है। जो मैंने सुना गृह मंत्री जी ने कहा ..(**व्यवधान**)।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): It is only a suggestion; it is not a point of order. (*Interruptions*)...

**श्री ईश दत्त यादव**: महोदय, यह कंटेंपट है। मेरा निवेदन सुनिये। गृह मंत्री जी ने कहा है.. (**व्यवधान**) गृह मंत्री जी ने यह कहा है कि, 'every person who is presiding there is adding some names.'

मैं आपके माध्यम से यह कहता हूं कि यह इस सदन का और इस चेयर का अपमान है इसलिये गृह मंत्री जी इस शब्द को वापस लें। यह आपका डिसक्रीशन है और आपका विवेक है कि सदन का कौन मेंबर कब बोले और किस क्रम में बोले। गृह मंत्री जी ने आपको एक तरह से चेयर कों धमकी दी है। इसलिये मैं मांग करता हूं कि आप गृह मंत्री जी से कहें कि वह अपने इन शब्दों को वापस लें। (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): No, he has not threatened the Chair. Don't take it in that way.

**श्री ईश दत्त यादव**: सब को बोलने का अवसर दीजिये। यह गंभीर विषय है। गृह मंत्री जी को भागना नहीं चाहिये।

SHRI S. B. CHAVAN: Sir, I didn't mean any disrespect to the Chair. But at the same time we have to function under the decision taken by the Business Advisory Committee; otherwise, what is the Business Advisory Committee for? All Members collected, we took a decision and six hours, including the reply, was the time-limit fixed for this. (*Interruptions*)...

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: The Home Minister used, "every person in the Chair is adding three or four names". (*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Now, that matter is closed. The hon. Minister has explained that. That matter is closed now. Let us not waste our time on that. *(Interruptions)*...

SHRI V. GOPALSAMY: Mr. Vice-Chairman, in the Business Advisory Committee meeting what was decided was what was said by the Home Minister. It was indicated that there was no extension of the House. Now, there is a talk in the Parliament that the House may get extended for one day. So, if the House is extended, why can't the time allotted also be extended? *(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): No, no. The Chair will inform you when the House is extended. *(Interruptions)* Mr. Jagmohan.

SHRI JAGMOHAN (Nominated): Sir, I will cut short my speech in the light of what is being discussed What I have to say, I will say very briefly. I have not got up to dissect the events or apportion blame. I have got up to invite your attention to the basic fact which is the root cause of our crises, including the one that we are discussing.

What has happened is really the collective failure of the Indian polity, of the Indian administration, of the Indian judiciary and of the Indian mind and milieu. The current tragedy of India is the tragedy of contemporary ethos. It shows that just, enlightened and effective institutions cannot be built on diseased and deformed social and cultural base. Without healthy and strong foundational plans, the superstructure is bound to totter as it is doing now.

Unfortunately, since our tryst with destiny in August, 1947, we have been building political institutions without caring for the fundamental forces that govern the life of the nation, without simultaneously setting in motion a potent and pervasive reform movement which could have washed away all the dust and dros that we had accumulated during the long period of our decay and decadence. At the most crucial turning point in our history, we failed to understand that a new edifice could not be built on rickety and motheaten foundation.

We entertained a vision, I am quoting Panditji—a vision of building a mighty nation, mighty in culture and mighty in action, mighty in culture and mighty in peaceful service to humanity". This is very important. But we did nothing to create the necessary commitment to translate that vision into reality and provide spiritual or cultural underpinnings to our national objectives. Instead, we allowed ourselves to be overwhelmed by the culture of superficiality, softness and selfishness. Deception and hypocricy seeped into all-our constitutional concepts and made them vulnerable to easy manipulations.

The result is the concept of secularism was debased and despiritualised by the power-crazy and compromising mind of Indian power structure. Justice, equity and truth were sucked out of it. The concept was reduced to a *mantra* the repeated recitation of which was believed to propitiate the goddess of power. Commitment was not to the cause but to expediency. I have some illustrations but I will skip over because of the time factor. Let us, therefore, honestly and dispassionately take stock of the situation, carve out a new path, acquire a deep commitment, and initiate a vigorous reform movement which give meaning and content to our polity, our administration our judiciary and other institutions. Without a new vision, India cannot be reborn. It has to rediscover its lost soul or have a tryst with destiny. In the light of what I have said, would the hon. Home Minister indicate whether Government would attend to the larger

issues involved? Secondly, are the administrative cracks that have so often appeared in recent times proposed to be repaired. and if they are proposed to be repaired what is the modus operandi? Thirdly, how do Government view the type of masterly inactivity exhibited by the Allahabad High Court? What does the Government think about the Supreme Court's own error of judgement in not fixing a limit on the number of Kar Sevaks for the symbolic function and asking for affidavit with regard to a future event? I have heard of affidavits with regard to my past, to the best of my knowledge and belief. But how can I say that to the best of my knowledge and belief I will do this? I can swear today that I have passed my BA examination. But I cannot give an affidavit saying that I will pass my MA examination. How does the Government propose to safeguard, the interests of officers, particularly of the All India Services, who have followed the well established procedure of following the orders of their superiors in regard to executive matters? These are the three specific issues on which I request the Home Minister to enlighten us.

SHRI B. V. ABDULLA KOYA: Mr. Vice-Chairman, Sir, on the 6th December whatever occurred has occurred Thousands of people, men, women and children were either murdered or severely injured or became homeless for no fault of theirs. Their tears and prayers did not help them. Perhaps, this is the second tragedy in our country after the murder of our beloved Father of the Nation—Mahatma Gandhi. All of us are guilty one way or the other. But the really guilty are those who try to find fault with somebodyelse and try to escape. The country has been left at the mercy of a few thousand mad and frenzied people. These people do not believe in secularism, peace and brotherhood but only in achieving power by any means, by any undesirable means. It is high time that we identified and isolated them. The Central Government should rectify their mistake of handing over the safety of the so called rats who are at the mercy of the cats. People like Mr. Advani and Vajpayee should learn the lesson that truth and compassion and love are not the monopoly of one community alone but the precious possessions of our country. Masjid and mandir should exist shoulder to shoulder and the worshippers with namaz marks, sindoor marks and cross should walk arm in arm. That is what Islam taught us. That is why my two late lamented leaders, Bafakay Thangal and Ismail Sahib. taught us, through our political organisation. And we have been doing it that why very strictly. There are examples: in a remote village Angadipuram in Kerala, a masjid and a temple are standing side by side. When the Hindus wanted some space for the temple, our leaders agreed to that and it was because of the Muslim community's mercy that the two places of worship coexist. There are examples of such a thing in our capital city of Trivandrum. Our Digmasjid is adjacent to a temple and you can also see a church there. Nothing will happen there and wonderfully, people are worshipping co-existently. If this could be followed there, I would say that our elder brothers, the Hindu brothers, also can think of that. That is all. Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Shri Shiv Pratap Mishra, you have only five minutes and then I will ring the bell.

श्री शिव प्रताप मिश्र (उत्तर प्रदेश) : उपासभाध्यक्ष महोदय, अयोध्या में धार्मिक उन्माद के नाम पर जो कृत्य हुआ, उस पर अपने विचारों से इस महा-सदन में सभी ने व्याख्या की। किसी ने आरोप-प्रत्यारोप करके प्रधान मंत्री जी के लिये, किसी ने गृह मंत्री जी के लिये कहा और किसी ने

[श्री शिव प्रताप मिश्र]

तो यह कहा कि उच्चतम न्यायालय को लाने की क्या जरूरत थी। सभी ने अपना मत व्यक्त किया। लेकिन, मैं यह कह सकता हूं कि यह धर्म के नाम पर धार्मिक कृत्य नहीं था बल्कि यह धर्म के नाम पर अधार्मिक कृत्य था। कुछ लोगों ने कहा कि बाबरी मस्जिद में नमाज नहीं होती थी, मैं नमाज की बात नहीं कहता, लेकिन यहां नमाज का नहीं भावना का महत्व है। वहां पर हिन्दू लोग उसे मंदिर मानते थे और मुसलमान लोग उसे मस्जिद मानते थे। यह राष्ट्रीय एकता का प्रतीक था। जिस तरह से कबीर दास जी ने कहा था—

अरे, यह दोनों राह न जानी।
पोथी पढ़-पढ़ जग मुआ,
पंडित भया न कोय।
ढाई अक्षर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय।

कबीर जी ने जो कहा था, उस तरह से उनके विचारों के अनुसार यह वह स्थान था, जिसे तोड़कर हिन्दू और मुसलमान और तमाम लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है और जिससे राष्ट्रीय एकता एकदम क्षुण्ण हो गई है। इसलिये मैं बताना चाहता हूं कि यह धार्मिक कृत्य क्यों नहीं था क्योंकि हमारे पुराणों और धर्म-शास्त्रों के अनुसार वहां पर स्थान की महिमा थी, मंदिर की महिमा नहीं थी।

"तस्मात स्थानात—ऐशाने
रामजन्म प्रवर्तते।
जन्मस्थानमिद प्रोक्तम्
मोक्षादिफलसाधनम्॥

स्कन्दपुराण वैष्णव खंड (18)

यह हमारे पर्व पुराण में है कि उस स्थान का पहले से ही महत्व है, उस स्थान पर जाने से ही वहां पर कल्याण हो सकता है। वहां पर मंदिर की बात नहीं थी। मैं यह बताना चाहता हूं कि वैदिक ऋषियों को और वेदान्त के जानने वाले जो हमारे सन्त-ऋषि है उनको भी जब ज्ञान प्राप्त हुआ था तो वह मंदिर में नहीं हुआ था। "एकं सद् विप्रा बहुधावदन्ति! देवगण बहुत है, लेकिन उनका तत्व अर्थात परम सत एक ईश्वर है। यह ज्ञान किसी मंदिर में नहीं हुआ था, यह गुफाओं में हुआ था, कन्दराओं में हुआ था। इसी तरह से मैं बताना चाहता हूं कि प्राफेट मोहम्मद को, पैगम्बर को गारेहेरा में कुरान नाजिल हुआ था, जिसमें यह कहा गया था कि कुलहू अल्लाहो असद् (कह दो अल्लाह एक है) रब्बील आल मीन, वह सब जगह है। किसी मस्जिद में पैगम्बर को कुरान नाजिल नहीं हुआ था। इस समय समाधान की आवश्यकता है। हमारे धर्म की बात जब सोची जाय तो राम को जन्म लेना शब्द ही कहना, मैं मानता हूं कि यह उपयुक्त नहीं है क्योंकि राम के लिये कहा गया था कि "भए प्रकट कृपाला, दीन-दयाला, कौशल्या हितकारी।" राम किसी गर्भ से जन्म नहीं लिये थे, अवतार लिये थे।

"अजो नित्यं शाश्वतोऽयं पुराणो"

राम अवतार के पहले भी थे, अवतार के समय भी थे, आज भी हैं और आगे भी रहेंगे। राम, ब्रह्म और अल्लाह एक ही हैं। जिस तरह तमाम नदियां समुद्र के जल में समुद्र को प्राप्त करने से मिल जाती हैं, उसी तरह से सभी धर्म एक ही सत्य, एक ही ईश्वर को जानने के लिये अग्रसर होते हैं लेकिन रास्ते को एक लक्ष्य बनाकर उसमें हिंसा करना, उससे राष्ट्र को तोड़ देना, उससे प्राणियों को दुख देना, जो कहा गया है हमारे हिन्दू धर्म में जो मैंने कहा कि अधार्मिक .. (**समय की घंटी**) ... मैं वहां का रहने वाला हूं अवध का और दो मिनट में यह बात नहीं कही जा सकती है।

गतिर्भर्ता प्रभुः साक्षी निवासः
शरणं सुहृद्।

प्रभवः प्रलयः स्थानंनिधानंम
बीजमव्ययम्॥

मैं सबका मित्र हूं, सबका पालक हूं और तमाम ब्रह्मांड की उत्पत्ति, पालन और संहार का भी कारण हूं और जो बचता है, वह भी मैं ही हूं। ईश्वर एक है, उसके जो मार्ग के झगड़े हैं, उसको जिस तरह से मुद्दा बनाकर ये हत्यायें की गई, राष्ट्र को अस्थिर किया गया, इसको मैं नहीं मानता और इसका मैं विरोध करता हूं। जो काम अल्लाह करता है, वही ईश्वर करता है, केवल नाम पर्यायवाची है।

यानिइमानि भूतानि जायन्ते।
यानि जातानि प्रभवन्ति
यंत् प्रत्यम संविशन्ति तद्ब्रह्म ॥

वह ब्रह्म, ईश्वर और अल्लाह एक है जिस तरह मैंने बताया, लेकिन जो मंदिर और मस्जिद की बात है, वह उसकी स्मृति के लिए स्थाई तौर पर हमारे पैगम्बर, हमारे ऋषियों, हमारे शास्त्रों के अनुसार बनाई गई थी, लेकिन उसमें विवाद करके और उससे धर्म के नाम पर एक सम्प्रदाय को करना और सम्प्रदाय में देश का विभक्त करना, यह धार्मिकता नहीं है। लेकिन उस पर भी मैं कहना चाहता हूं, मैं गृह मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि यह समाधान का समय है। कुछ आदमी कुछ बोल रहे हैं, कुछ आदमी कुछ बोल रहे हैं, उससे उसका समाधान नहीं हो सकता है। ... (**समय की घंटी**)...अभी मैंने तीन दिन पहले पढ़ा समाचार-पत्रों में कि जिसके दो से अधिक संतान होगी, वह संसद में नहीं आ सकता। पहले यह भी मैंने नियम सुना था कि हरिजनों के साथ कोई भोजन नहीं करता था लेकिन जब कांग्रेस ने भारत को स्वतंत्र किया तो आज यह पाप माना जाता है। इसीलिए मैं गृह मंत्री जी को कहना चाहता हूं कि जो वह मस्जिद या मंदिर का निर्माण करें तो मस्जिद ऐसी बनाएं जिसमें नमाज़ हो सके और मंदिर ऐसा बनाएं जिसमें विवाद समाप्त हो जाए। फिर मैं कहना चाहता हूं कि वोट लेने के लिए आप अपने सिद्धान्तों को न छोड़िए। जैसे आजादी के बाद सुभाष चन्द्र बोस ने कहा था कि "अगर आवश्यकता हो देश को एक रखने की तो यहां 20 साल तक चुनाव न किए जाएं।" आप चुनाव कराएं या न कराएं, जब राष्ट्र ही नहीं रहेगा तो यहां जम्हूरियत कैसे रहेगी, जब जम्हूरियत नहीं रहेगी तो आप चुनाव किसका कराएंगे?

दूसरे जो प्रधान मंत्री जी पर आक्षेप आया, वह आप पर आया। आप लोगों ने संविधान का उल्लंघन नहीं किया। Parliament is the maker of law and the Supreme Court is the interpreter of law.

आप ही का, यह पार्लियामेंट का बनाया हुआ कानून है, सर्वोच्च न्यायालय तो केवल उसकी व्याख्या करता है। तो आप अपनी बात कैसे काट सकते हैं। जब सुप्रीम कोर्ट और उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया ..(**समय की घंटी**).. और वहां पर अपना पर्यवेक्षक भेजा और उस पर्यवेक्षक की बात आप नहीं मानते हैं, तो अपना बनाया हुआ कानून भी आप नहीं मानते हैं। इसलिए संविधान का जो आपने पालन किया है, लेकिन इसमें एक धर्मनिरपेक्षता–सेक्युलरिज्म का जो ट्रांसलेशन किया गया है, वह गलत है। उसको यह कहा जाना चाहिए–सर्व धर्म सापेक्ष सिद्धांत। यहां से धर्म जाने वाला नहीं है। यहां कोई सुबह उठा तो सूरज की पूजा, रात को कोई उठा तो चन्द्रमा की पूजा, नहाने गया तो जल की पूजा, आम तोड़ने गया तो वृक्ष की पूजा, नाग पंचमी के दिन सांप की पूजा, अखाड़ा लड़ना हुआ तो हनुमान जी की पूजा और संगीत करना हुआ तो सरस्वती जी की पूजा, तो संसार का कोई व्यक्ति धर्म को नहीं मिटा सकता। ....(**व्यवधान**) लेकिन यह रास्ते हैं और इस रास्ते से केवल एक पाया जा सकता है।

महादेवानाम् असुरत्वमेकम्।

वह ईश्वर हर प्राणी में व्याप्त है, वह ईश्वर एक है, वही ईश्वर अल्लाह है, वही सब चीज है। अगर सब विवादों और राष्ट्रों के मतभेद को छोड़कर

[श्री शिव प्रताप मिश्र]

उसकी शरण में चले जाओ तब जाकर शांति मिल सकती है। भगवान श्रीकृष्ण ने इन मार्गों को देखा तो इसमें बड़ा विवाद हो सकता है। तो अन्त में उन्होंने क्या कहा—धर्म एक है, ईश्वर की शरणागति।

"सर्व धर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्व पापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः।।

अगर धर्मो से विवाद होता है तो *सब धर्मों को छोड़ दो और सब धर्मो* को छोड़कर मेरा स्मरण करो और मुझ में शरण लो, मैं सब पापों से मुक्त कर दूंगा। धन्यवाद।

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : उपसभाध्यक्ष जी, शुक्रवार की सुबह जो चर्चा 6 दिसम्बर और उसके बाद की घटना पर शुरू हुई, वह चर्चा आज समापन की तरफ बढ़ रही है। शुक्रवार की सुबह गृह मंत्री के वक्तव्य के तुरन्त बाद मेरी पार्टी के नेता माननीय सिकन्दर बख्त जी ने हमारी पार्टी का दृष्टिकोण रखा और उसके बाद जैसा अपेक्षित था, चर्चा का प्रवाह दूसरी ओर मुड़ गया। कमोबेश सभी दलों के साथियों ने अपनी बात एक से स्वर में रखी और सारी चर्चा का केन्द्र बिन्दु यह धारणा रही कि अयोध्या में 6 दिसम्बर को जो भी घटा वह भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिन्दू परिषद् की सोची-समझी योजना का परिणाम था। उपसभाध्यक्ष जी, आज जो पारस्परिक अविश्वास का माहौल देश में बना हुआ है, जिसकी झलक सदन में भी बराबर मिलती है उसके चलते मुझे मालूम है कि जो बात मैं कहने जा रही हूं उस पर बहुत कम साथी यकीन करेंगे। तो भी मैं इस बात को यहां इस लिए दर्ज कराना चाहती हूं कि आज दो निष्पक्ष संस्थाओं द्वारा अयोध्या कांड की जांच के आदेश दिए जा चुके हैं। सी.बी.आई. इसकी जांच कर रही है और एक विशेष आयोग इस जांच के लिए बना है। जांच आयोगों के सामने जरूर इस तरह के तथ्य आएंगे जो मेरी बात को सही साबित कर सकेंगे।

उपसभाध्यक्ष जी इस सारे ढांचे को ढहाने के लिए कोई पूर्व नियोजित कार्यक्रम था या नहीं, इस पर तो आज एक सवालिया निशान लगा हुआ है। लेकिन एक बात मैं पूरे विश्वास के साथ, पूरी दृढ़ता के साथ इस सदन में कहना चाहती हूं कि अगर थोड़ा भी यकीन मुझ पर मेरे साथियों को है, तो वह मानलें कि 6 दिसम्बर को जो घटा उसका पता तो दूर उसकी भनक तक लाल कृष्ण आडवाणी जी या कल्याण सिंह को नहीं थी। इस बात का सबूत उन दोनों के द्वारा दिया गया इस्तीफा है। आप कह सकते हैं कि कल्याण सिंह को मालूम था कि उनकी बर्खास्तगी लाजमी है इसीलिए उन्होंने इस्तीफे का नाटक रचा। आप कह सकते हैं कि आडवाणी जी को मालूम था कि उनका दल उन्हें दोबारा चुन लेगा इसलिए उन्होंने इस्तीफे का ड्रामा कर दिया। लेकिन उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं कि इस बात को इन संदर्भों में इतना हल्का करके न नापें। एक बार अगर आप इसको साफ रोशनी

4.00 p.m. में देखने की कोशिश करेंगे तो समस्याओं के समाधान की तरफ बढ़ेंगे। इस्तीफे से जाना या बर्खास्तगी का बाना ओढ़कर, जाना, इन दोनों में बुनियादी अंतर है अगर यह योजना कल्याण सिंह की रही होती तो मैं दृढ़ता से कहती हूं कि वे इस्तीफे के बजाय बर्खास्तगी से जाना पसंद करते क्योंकि कार-सेवक ऐसा चाहते थे। ढांचे को ढहाने वालों के सामने वे शहीदी का बाना ओढ़ना पसंद करते। कार-सेवक नहीं चाहते थे कि कल्याण सिंह इस्तीफा दें और इस्तीफे से अपनी असहमति उनके कर्म के प्रति प्रकट करें। कार-सेवक नहीं चाहते थे कि आडवाणी इस्तीफा दें और कार-सेवकों को हतोत्साहित करें। वे चाहते थे कि वे बर्खास्तगी करके शहीदी का बाना ओढ़कर जाएं। अगर कल्याण सिंह जी और आडवाणी जी की

उस ढांचे को ढहाने की योजना रही होती तो बजाय इस्तीफा देने के उपसभापति जी, वे शिखंडी की तरह अट्टहास करते और कहते कि देखा हमने सबको मूर्ख बनाया। अगर यह योजना उनकी रही होती तो बजाय इस्तीफा देने के वे कार-सेवकों के साथ खड़े होकर उनके सुर में सुर मिलाकर कहते कि ये साढ़े चार सौ साल का कलंक देखा हमने साढ़े चार घंटे में ढहा दिया।

महोदय, मैं यह बिल्कुल नहीं कह रही हूं कि उस ढांचे से कल्याण सिंह या आडवाणी जी को कोई मोह था। मैं यह भी नहीं कह रही हूं कि वे उस ढांचे को कलंक नहीं मानते थे। किसी भी हमलावर का विजय चिह्न किसी के लिए गौरव का प्रतीक नहीं हो सकता लेकिन वे इस ढांचे को ढहाने के पक्षधर नहीं थे और इसीलिए मैं कहती हूं कि जब उन्होंने प्रधानमंत्री को वचन दिया, जब उन्होंने संसद में वचन दिया, जब उन्होंने न्यायपालिका के सामने हलफनामा दिया तो उनके मान में कोई दुविधा नहीं थी, वे पूरी तरह आश्वस्त थे कि वे उस ढांचे की सुरक्षा कर सकेंगे और जब वे उस आश्वासन को पूरा नहीं कर पाए तो उन्होंने उसकी नैतिक जिम्मेदारी ओढ़ करके इस्तीफा दिया है। मैं आपके माध्यम से गुजारिश करूंगी, चूंकि मेरी पार्टी की तरफ से केवल सिकन्दर बख्त जी बोले हैं और तमाम बातें हमारे खिलाफ कही गई हैं इसलिए मैं सदन के तमाम साथियों से दरख्वास्त करूंगी कि मुझे दस मिनट का समय दें... (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Madam, you were given five minutes and your time is over. The hon. Home Minister has to reply now.

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : मैं वही कह रही हूं, मैं गृह मंत्री जी से दरख्वास्त करूंगी कि वे आपसे रिक्वैस्ट करके कम से कम मुझे दस मिनट का समय दे दें... **(व्यवधान)** यहां बहुत उत्तेजक भाषण हुए हैं, मैं अपनी बात उत्तेजना में नहीं वेदना में कह रही हूं और एक बात कह दूं कि मैं जो बात कह रही हूं उससे माहौल बिगड़ेगा नहीं, मैं वह बात कह रही हूं जिससे आप समस्या के समाधान की तरफ जाएंगे। इसलिए आप कृपा करके मुझे 10 मिनट का समय दें।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): No, not ten minutes. I gave you five minutes and your time is over. Please conclude.

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : बार-बार एक आरोप लगाया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने कोर्ट की अवमानना की। लगातार हर व्यक्ति यह बात कह रहा है। लेकिन मैं अपने साथियों से बड़े अदब के साथ एक बात कहना चाहूंगी और खासकर साल्वे जी से जो बहुत फाईन डिस्टिंक्शन जानते हैं कि कोर्ट की अवमानना करना या कोर्ट के आदेश की अनुपालना न करा पाना, दोनों चीजों में बुनियादी अंतर है। कोर्ट की अवमानना की जड़ में कोर्ट के प्रति अनादर का भाव रहता है। अदालती आदेश की अवमानना करने वाला व्यक्ति कोर्ट को हिकारत की निगाह से देखता है या उसके अस्तित्व को नकारता है लेकिन कोर्ट के आदेश की अनुपालना न करने की जड़ में लाचारी और बेबसी होती है और इस लाचारी का सामना पहली बार किसी भारतीय जनता पार्टी द्वारा शासित किसी राज्य की सरकार को करना पड़ा है ऐसा नहीं है। बीसियों उदाहरण इस देश में मौजूद हैं जहां विभिन्न दलों की राज्य सरकारों के सामने इस तरह की लाचारी सामने आई है और स्वयं केंद्र सरकार ने भी इस तरह की लाचारी का सामना किया है। बनारस का वह निर्णय कब्रिस्तान का जो शिया और सुन्नी के झगड़े का है, उस मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश आज तक तामील का इंतजार कर रहा है केवल शांति भंग होने के डर से उस आदेश की तामील नहीं हो पाई। केरल सरकार के पास आज तक एक सम्मन पड़ा है शाही इमाम की गिरफ्तारी का लेकिन वह तामील नहीं कर पाई क्योंकि शांति भंग होने का खतरा है। दूर क्यों जाएं, कावेरी विवाद का मसला सुप्रीम कोर्ट ने तय किया गृह मंत्री जी, आप उसकी तामील नहीं करा पाए, यहां आपकी सरकार है

और राज्य में आपके अपने दल की समर्थित सरकार है । अभी मंडल आयोग की सिफारिशों का निर्णय आया लेकिन सरकार अभी भी रास्ता ढूंढने की कोशिश कर रही है, तमाम राजनीतिक दलों से उस पर सहमति बनाने की कोशिश कर रही है ।

**कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) :** उस पर ऐक्शन शुरु कर दिया है ।

**श्रीमती सुषमा स्वराज** : मेरा कहने का मतलब यह है कि इस तरह की लाचारी और बेबसी केन्द्र सरकार के सामने भी आई है अब एक बात मैं पूछना चाहती हूं आपसे, कि आपका एक वक्तव्य आया, जो फैसलों की घोषणाएं आपने दूरदर्शन पर और बाहर कीं, उन्हीं फैसलों को आपने इसमें दोहराया । मैं पूछना चाहती हूं, ये चार फैसले भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की गिरफ्तारी, कुछ संगठनों को सांप्रदायिक कहकर उन पर लगाई गई पाबंदी, हमारी तीन राज्य सरकारों की बर्खास्तगी और सबके ऊपर वहां दोबारा से मस्जिद बनाने का ऐलान, ये हेकड़ी भरे फैसले आपको समस्याओं के समाधान की तरफ ले जाएंगे या समस्याओं के नए रूप में उलझाकर आपके सामने खड़ा करेंगे ?

आपने आडवाणी जी की गिरफ्तारी की, जिस एफ०आई०आर० के आधार पर की उसके अंदर का मसौदा पढ़ा आपने ? एक आरोप लगाया उन पर कि मंच पर खड़े होकर वह नारा लगा रहे थे "एक धक्का और दो बाबरी मस्जिद तोड़ दो"। मैं पूछना चाहती हू आडवाणी जी इसी सदन के सम्मानित सदस्य रहे हैं, बहुत से मेरे साथी उनके साथ रहे होंगे उनके कुलीग के तौर पर, आपके लाख मतभेद हों उनसे आप लाख उनको कुछ भी कहते हों, यहां तो पागल तक कह दिया गया था उनको लेकिन क्या एक भी मेरा साथी अपनी आत्मा पर हाथ रखकर यकीन से यह कह सकता है कि आडवाणी जी ये नारा खड़े होकर लगा सकते हैं ? इतने हल्के आरोप पर आपने गिरफ्तारी की और संगठनों पर पाबंदी, वे संगठन जो कल तक आपके साथ बात करते थे, वे संगठन जिनके नेता कल तक राष्ट्रीय एकता परिषद के सदस्य थे, इस एक घटना के कारण वे इतने सांप्रदायिक हो गए कि आपने उन पर पाबंदी लगा दी ।

मैं तो नेहरू जी को क्वोट करना चाहती थी। एक किताब है "लिविंग इन ए न्यू इरा" द्वारकाप्रसाद मिश्र, जो आपके मुख्यमंत्री रहे हैं, उनकी आप यह किताब पढ़िए उसमें उन्होंने नेहरू जी को क्वोट किया है कि--

"अगर आप इस देश में किसी भी विचारधारा का काट करना चाहते हैं तो उसका समाधान संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाना नहीं, उसके साथ वैचारिक लड़ाई लड़ना है"

लेकिन आपने इन पर प्रतिबंध लगाया। तीन सरकारों की बर्खास्तगी की, क्यों ? क्या असंवैधानिक काम किया था हिमाचल प्रदेश की सरकार ने, राजस्थान की सरकार ने या मध्य प्रदेश की सरकार ने ?

अगर चतुरानन मिश्र यहां होते तो मैं पूछती, वह कह रहे थे कि वहां पुलिस के संरक्षण में गोली चलाई गई। मैं पूछना चाहती हूं गृह मंत्री जी से कि महाराष्ट्र में क्या हुआ ? मीठा-मीठा गप्प और कड़वा-कड़वा थू यह नीति कैसे चलेगी। क्योंकि महाराष्ट्र और गुजरात में कांग्रेस शासित सरकारें हैं इसलिए उनके सौ गुनाह भी माफ और उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल में भाजपा की सरकारें हैं इसलिए बेगुनाही के बावजूद ये दोनों काम एक साथ नहीं चलेंगे। ये नीति आपको कहीं नहीं ले जाएगी और फिर वहां मस्जिद बनाने का ऐलान, मैं पूछना चाहती हूं, यशवंत सिन्हा यहां बैठे हुए हैं, बहुत आर्टिकुलेट ढंग से उन्होंने एक बात कही थी कि विवादास्पद जगह पर विवादास्पद ढांचा बनाने का मतलब विवाद को नए सिरे से जन्म देना है लेकिन मैं आपसे पूछना चाहती हूं आप वहां पर मस्जिद बनाने का ऐलान करके कौन से समाधान की

तरफ जा रहे हैं। लोग कहते हैं विश्वासघात हुआ है प्रधानमंत्री के साथ, वह आहत हैं इसलिए वे इस तरह के फैसले ले रहे हैं।

मैं आपसे कहना चाहती हूं बड़े अदब के साथ कि प्रतिकूलता में ही धीरज की परीक्षा होती है। जरूर आहत हैं प्रधानमंत्री। मैं मानती हूं कि वे आहत हैं लेकिन अनुकूल और सामान्य परिस्थितियों में तो कोई भी आदमी धीरज रख सकता है परन्तु प्रतिकूलता ही कसौटी है धीरज को रखने की। ये मस्जिद बनाने की घोषणा उसी सोच का परिणाम है जिस सोच के चलते ये ढांचा ढहाया गया।

**श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल :** प्राईम मिनिस्टर ने किसी भी मौके पर ये नहीं कहा कि मस्जिद बनाई जाएगी। उन्होंने विवादित ढांचा कहा.... (**व्यवधान**)

†[ شری محمد افضل عرف م۔ افضل: پرائم منسٹر نے کسی بھی موقع پر یہ نہیں کہا کہ مسجد بنائی جائیگی۔ انہوں نے وواوت ڈھانچہ کہا۔ ..

"مداخلت" ]

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** मैं आपकी बात मान लेती हूं कि उन्होंने विवादित ढांचे के पुनर्निर्माण की बात कही है। मैं ये कहना चाहती हूं कि विवादित ढांचे के पुनर्निर्माण की घोषणा उसी सोच का परिणाम है जिस सोच के चलते यह ढांचा ढहाया गया। ढहाने के पीछे क्या सोच थी, यही सोच थी ना कि यहां हमारा मंदिर था, एक हमलावर ने आकर ढहा दिया, जब तक इस मस्जिद को दोबारा नहीं ढहाया जाएगा तब तक न्याय नहीं होगा। आज वही सोच आप ले रहे हैं कि क्योंकि यहां मस्जिद थी और क्योंकि वह ढहा दी गई इसलिए उसको दोबारा बनाए बिना न्याय नहीं होगा... (**व्यवधान**)

[**उपसभापति पीठासीन हुई**]

**उपसभापति :** आपका समय खत्म हो गया, अब आप बैठ जाइए... (**व्यवधान**)...

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** मैं यह कहना चाहती हूं कि कुछ उन्मादी युवकों की सोच, शासकों की सोच से मेल नहीं खा सकती। शासकों से लोग कुछ गंभीर सोच की अपेक्षा रखते हैं। ऐसा मत मानिए कि सब कुछ समाप्त हो गया। लोग कई बार बहुत निराशा और हताशा की बात करते हैं और कहते हैं सब कुछ खत्म हो गया, अंधकार हो गया। कोई प्रकाश की किरण नहीं दीखती। लेकिन मैं आपको कहना चाहती हूं उपसभापति महोदया, आप मेरी इस बात को जो दो लाइन में कहना चाहती हूं जरूर एप्रिशिएट करेंगी। ऐसा नहीं है। ऐसे तो वाक्यात होते हैं। ऐसे फेजेज हर देश की उम्र में आते हैं। हिन्दुस्तान में तो ऐसे वाक्यात बहुत देखे हैं और उन्हीं में से नई राह निकली है। उसी के लिए ये दो लाइनें कही गई :

जहां पर बंद होते हैं सभी ये रास्ते

आकर, वहीं से फूट पड़ती है नई राहें जमाने की।

